www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:23 बजे
सूर्यास्त शाम 5:55 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-140 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • शनिवार 24 जनवरी 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

## सीजन की पहली भारी बारिश और बर्फबारी से गुलजार मौसम, पंजाब में भारी बारिश और शीत लहर का यलो अलर्ट



बर्फ से ढके पाकिस्तान के नथिया गली की ये फोटो है। ये ट्रेकिंग ट्रेल्स के लिए प्रसिद्ध है।



जम्मू-कश्मीर के दक्षिणी भाग में स्थित शोपियन में एक से दो इंच तक बर्फ जम चुकी है, इसे 'कश्मीर का सेब का कटोरा' भी कहा जाता है।



शुक्रवार को शिमला में सीजन की पहली बर्फबारी देखने को मिली। -समर न्यूज़

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। राज्य के कई जिलों में शुक्रवार सुबह से ही इस सीजन की पहली भारी बारिश के साथ शीत लहर का असर देखने को मिल रहा है। कई स्थानों पर रात से बारिश शुरू हो चुकी थी, लेकिन तड़के से हो रही तेज बारिश के कारण ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग ने पहले ही भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया था।

उत्तरी भारत में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात से बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड में भी बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। शिमला-मनाली में इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा ड्राई स्पेल खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी और पहाड़ी जिलों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई है, इसके कारण शुक्रवार के लिए सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं। श्रीनगर-जम्मू हाईवे भी बंद है। वहीं, कटरा में बर्फबारी के कारण माता वैष्णो देवी की यात्रा पर आए श्रद्धालुओं को बाणगंगा पर ही रोक दिया गया है।

चंडीगढ़ मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जालंधर के साथ-साथ अमृतसर और लुधियाना में अगले दो दिनों तक बारिश, गरज-चमक और ओलावृष्टि को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आज पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, होशियारपुर, नवांशहर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, पटियाला और मोहाली के कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि हो सकती है। वहीं फिरोजपुर, फाजिल्का, फरीदकोट, मुक्तसर, मोगा, बठिंडा, बरनाला, मानसा, संगरूर और मलेरकोटला के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

## लीगल इंडिया लिमि. में 9 करोड़ का महाघोटाला उजागर

लुधियाना। महानगर के पॉश इलाके टैगोर नगर में स्थित नामी कंपनी लीगल इंडिया लिमिटेड में करीब 9 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। यह सनसनीखेज खुलासा 14 जनवरी को हुए कंपनी के तिमाही स्टॉक ऑडिट के दौरान हुआ, जब कागजी रिकॉर्ड और मौके पर मौजूद स्टॉक में भारी अंतर पाया गया। जांच में सामने आया कि रेत, बजरी और मिट्टी जैसी निर्माण सामग्री को सुनियोजित तरीके से खुर्द-बुर्द किया गया और करीब 2000 ट्रक माल, जिसका कुल वजन लगभग एक लाख टन बताया जा रहा है, कंपनी से गायब कर दिया गया। कंपनी की ओर से सानुज अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने कई आरोपियों जिनमें अलग-अलग फर्मों के मालिक, पार्टनर और कर्मचारी शामिल हैं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता ने इसकी जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## लुधियाना के किला रायपुर में 11 साल बाद फिर दौड़ेंगी बैलगाड़ियां

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब के लुधियाना स्थित किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक में एक बार फिर बैलगाड़ी दौड़ की वापसी होने जा रही है। यदि खेल शुरू होने तक कोई कानूनी अड़चन नहीं आई, तो करीब 11 साल बाद यह ऐतिहासिक प्रतियोगिता दोबारा आयोजित की जाएगी।

जिला प्रशासन, आयोजकों और ग्रामीणों में इसे लेकर खासा उत्साह है। यह खेल 30 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित होंगे। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वर्ष 2014 में किला रायपुर खेलों में बैलों की दौड़ पर रोक लगा दी गई थी। बाद में पंजाब सरकार ने 11 जुलाई को विधानसभा में एक बिल पारित कर बैलगाड़ी दौड़ को फिर से शुरू करने का रास्ता साफ किया। सरकार के इस फैसले के बाद प्रतियोगिता के आयोजन की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। पिछले कुछ वर्षों से पंजाब सरकार इन खेलों का आयोजन करती आ रही है।



बैलगाड़ियों की दौड़ की फाइल फोटो।

**किला रायपुर खेलों की रौनक हो गई थी फीकी**

बैलगाड़ी दौड़ शुरू से ही किला रायपुर खेलों का मुख्य आकर्षण रही है। जब इस पर प्रतिबंध लगा, तो खेलों की चमक भी कम हो गई और देश-विदेश से आने वाले दर्शकों की संख्या में गिरावट आ गई थी। अब इसकी वापसी से फिर से उत्सव जैसा माहौल बनने की उम्मीद है।

**इन शर्तों पर होगी बैलों की दौड़**

दौड़ से पहले सभी बैलों की पशु चिकित्सकों द्वारा जांच की जाएगी। दौड़ के दौरान और बाद में भी वेटरनरी टीम मौके पर मौजूद रहेगी। किसी भी तरह की मारपीट, नुकीले औजारों या क्रूरता पर पूरी तरह रोक रहेगी। अत्यधिक गर्मी या खराब मौसम में दौड़ नहीं करवाई जाएगी। सभी प्रतिभागियों और बैलों का पूर्व पंजीकरण अनिवार्य होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई और प्रतिबंध लगाया जाएगा।

# डीएमके सरकार के पतन की उलटी गिनती शुरू: मोदी

## चेन्नई की जनसभा में प्रधानमंत्री का तीखा हमला

एजेंसी | चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के चेन्नई में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की डीएमके सरकार पर बड़ा और तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु बदलाव के लिए तैयार है और डीएमके सरकार के पतन की उलटी गिनती अब शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री के इस बयान को राज्य की राजनीति में बड़ा संकेत माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब आगामी विधानसभा चुनावों की चर्चा तेज हो गई है।

संबोधन की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर की। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की धरती साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की प्रतीक रही है। कई वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने नेताजी के साथ मिलकर आज़ादी की लड़ाई लड़ी। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इस पवित्र भूमि से नेताजी को नमन करता हूं।



चेन्नई में एक विशाल जनसभा को संबोधित करने से पहले मोदी ने किया रोड शो।

पीएम मोदी ने कहा कि यह वर्ष 2026 में तमिलनाडु की उनकी पहली यात्रा है और यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पूरा राज्य पोंगल पर्व की खुशियों में डूबा हुआ है। उन्होंने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत रत्न एमजी रामचंद्रन की जयंती का भी उल्लेख किया और उन्हें राज्य के विकास का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने मंच से तमिलनाडु के लोगों के कल्याण, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा डीएमके सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति और विकास में बाधाएं राज्य की प्रगति को रोक रही हैं। मोदी ने कहा कि केंद्र की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंचने दिया जा रहा, जबकि भाजपा विकास, सुशासन और पारदर्शिता की राजनीति में विश्वास रखती है।

इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में भी जनसभा को संबोधित किया। वहां उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ सरकारों पर विकास परियोजनाओं को रोकने और केंद्र सरकार की योजनाओं में बाधा डालने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और पीएम-श्री स्कूल जैसी योजनाओं को लागू करने में जानबूझकर देरी की जा रही है। मोदी ने विकसित केरल का वादा करते हुए कहा कि भाजपा की नगर निगम में जीत राज्य में बड़े बदलाव की शुरुआत है। विश्लेषकों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी के ये बयान दक्षिण भारत में भाजपा की रणनीति को स्पष्ट करते हैं। तमिलनाडु और केरल में भाजपा अब आक्रामक चुनावी मोड में नजर आ रही है।

## इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी से पुणे एयरपोर्ट पर मच गया हड़कंप

पुणे। दिल्ली से पुणे आ रही इंडिगो की फ्लाइट में वीरवार रात विमान के टॉयलेट में बम होने की धमकी वाला एक नोट मिला। सूचना के बाद पुणे एयरपोर्ट पर विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। एक घंटे तक चली जांच के बाद यह धमकी फर्जी पाई गई। फ्लाइट में 100 से अधिक यात्री सवार थे। विमान रात 8.40 बजे के बजाय 9.24 बजे पुणे एयरपोर्ट पर उतरा। लैंडिंग के तुरंत बाद बम की धमकी की जानकारी एयर ट्रैफिक कंट्रोल को दी गई। बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी की बैठक के बाद विमान को पूरी तरह सुरक्षित घोषित किया गया। पुणे एयरपोर्ट के निदेशक संतोष धोखे ने बताया कि जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, इंडिगो एयरलाइंस ने कहा कि उन्होंने तय प्रोटोकॉल के तहत तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना दी।

## एनएच पर परिवहन विभाग की सख्ती, 3 लाख रुपये के चालान

लुधियाना। एआरटीओ दीपक ठाकुर के नेतृत्व में स्कूल बसों के साथ-साथ हाईवे पर चल रहे अन्य वाहनों की गहन जांच की गई, जिसमें कुल मिलाकर करीब 3 लाख रुपये के चालान काटे गए। जांच के दौरान कई वाहन ओवरलोड, कुछ में अवैध मॉडिफिकेशन और कई चालक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते पाए गए, जिस पर मौके पर ही कार्रवाई की गई। अभियान में रोकी गई छह स्कूली बसों में से चार बसें सेफ स्कूल वाहन स्कीम के सभी मानकों पर खरी उतरीं, जिनमें सुरक्षा उपकरण, वैध दस्तावेज और फिटनेस प्रमाणपत्र सही पाए गए। वहीं, दो बसों में खामियां मिलने पर उनके चालान काटे गए और संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई। एआरटीओ दीपक ठाकुर ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# 'बॉर्डर 2' भी 'बॉर्डर' ही कह सकते हैं, बस पैकेजिंग थोड़ी और बेहतर

**मूवी का First Review** | **बॉर्डर 2**

चंडीगढ़। अनुराग सिंह ने जेपी दत्ता की 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर की इस साथी फिल्म का निर्देशन किया है। बॉर्डर 2 दरअसल बॉर्डर का ही दोहराव है सीक्वल से ज्यादा रीपैक्ड संस्करण जो मूल फिल्म के सभी लोकप्रिय तत्वों को थोड़ी अतिरिक्त सजावट के साथ परोसती है। 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, जोशीले भाषण, भावुक सलामी, खाइयों में उतरता युद्ध, आखिरी मोर्चे पर बलिदान, घर पर इंतज़ार करती पत्नियाँ और परिवार, तथा देशभक्ति से भरे गीत अनुराग सिंह इस सफल फॉर्मूले से छेड़छाड़ नहीं करते। वे वही पूरा पैकेज देते हैं, बस उसे और चमकदार फ्लेवर दिया है। फिल्म की कहानी में खास नए मोड़ नहीं हैं, लेकिन एक्शन सीक्वेंस ज्यादा सधे हुए हैं और प्रोडक्शन वैल्यू पहले से बेहतर है। राष्ट्रवादी तेवर भी कहीं ज्यादा उभरे हुए हैं यह बात फिल्म के एक संवाद से साफ झलकती है: *"हद में रहो, वरना न सीमा बचेगी, न गाँव, न तुम।"*

पहली फिल्म 1971 के लोंगेवाला युद्ध पर केंद्रित थी। नई फिल्म जिसे दत्ता ने सह-निर्मित किया है और जिसकी कहानी उनकी बेटी निधि ने लिखी है युद्ध के दूसरे मोर्चों, खासकर कश्मीर, को भी शामिल करती है। यहीं सनी देओल, जो पिछली फिल्म से लौटने वाले इकलौते अभिनेता हैं, उपमहाद्वीप को बाँटने वाली रेखा की शारीरिक और प्रतीकात्मक रक्षा करते नज़र आते हैं। देओल फिल्म में फतेह सिंह कालेर की भूमिका निभाते हैं। फतेह तीन युवा अफसरों के लिए पिता-सरीखी शख्सियत बनते हैं, जिनके बीच ट्रेनिंग के दौरान गहरी दोस्ती पनपती है। होशियार (वरुण धवन), निर्मल (दिलजीत दोसांझ) और महेंद्र (आहान शेट्टी) क्रमशः थलसेना, वायुसेना और नौसेना का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब पाकिस्तान के जनरल याह्या खान, पूर्वी पाकिस्तान में गुरिल्लाओं को भारत के समर्थन से नाराज होकर युद्ध छेड़ते हैं, तब इन तीनों शाखाओं को मोर्चे पर उतरना पड़ता है।

पिछली फिल्म की शैली के प्रति निष्ठा का मतलब है कि दर्शकों को पाकिस्तान के बहु-आयामी हमले और भारत की प्रतिक्रिया के पूरे असर के लिए थोड़ा इंतज़ार करना पड़ता है। हर मुख्य किरदार को मानवीय बनाने के लिए कुछ दृश्य दिए गए हैं। दूसरे सहायक पात्रों को भी ऐसे पल दिए गए हैं ताकि उनकी संभावित कुर्बानी यादगार बन सके। हर युद्ध फिल्म की तरह यहाँ भी कुछ किरदार ऐसे हैं जिनके संवाद और रिश्ते पहले से ही उनके वीरगति पाने का संकेत देते हैं। अनुराग सिंह भावनाओं और एक्शन के बीच संतुलन साधने में माहिर हैं, उस तबाही की ओर बढ़ते कदमों को प्रभावी ढंग से रचते हैं जिसमें अनगिनत जानें जाती हैं। युवा कलाकारों में दिलजीत दोसांझ सबसे ज्यादा याद रह जाते हैं।

## नोएडा-अहमदाबाद के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी | नोएडा/अहमदाबाद

गणतंत्र दिवस से ठीक तीन दिन पहले उत्तर प्रदेश के नोएडा और गुजरात के अहमदाबाद में कई नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। नोएडा में शिव नादर स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल समेत कई शैक्षणिक संस्थानों को धमकी भरे ई-मेल मिले, जिसके बाद एहतियातन स्कूलों को खाली कराकर बंद कर दिया गया। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड, फायर ब्रिगेड और बीडीडीएस टीमें मौके पर पहुंचीं और परिसरों की गहन तलाशी ली गई। पुलिस की साइबर टीम ने धमकी भरे ई-मेल की तकनीकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और प्रारंभिक जांच में धमकियां गैर-विशिष्ट प्रतीत हो रही हैं। इसी दौरान अहमदाबाद के पश्चिमी इलाके के कई स्कूलों को भी इसी तरह की धमकियां मिलीं, जिसके बाद पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**पेज 1 एंकर स्टोरी** | अनीता बोस की अपील, नेताजी की अस्थियों को जापान से भारत लाया जाए

# आजादी के 78 साल, अवशेष मातृभूमि में नहीं हैं

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

आजादी के वीर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के मौके पर उनकी बेटी अनीता बोस फ्फ़ाफ़ ने सभी भारतीयों से अपील की है कि उनके पिता की अस्थियों को जापान के टोक्यो से भारत वापस लाया जाए।

अनीता बोस फ्फ़ाफ़ ने अपने बयान में कहा कि नेताजी के लिए निर्वासन की पीड़ा सबसे बड़ी थी। "अगर वे आज होते, तो 80 साल से अधिक समय तक उनके अवशेष विदेश में रखे जाने से उन्हें गहरा दुख होता। भारत की आज़ादी के 78 साल बाद भी उनके अवशेष उनके मातृभूमि में नहीं हैं," उन्होंने लिखा।



अनीता बोस की फाइव फोटो, जिसमें वे दिवंगत राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के साथ हैं।

अनीता बोस फ्फ़ाफ़ ने कहा, "मैं आज के भारतीयों से अनुरोध करती हूँ कि वे मेरे पिता की अस्थियों की मातृभूमि में वापसी के लिए समर्थन दें और उनके अंतिम संस्कार के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।" उन्होंने यह भी बताया कि अगस्त 1945 में जापान के समर्पण के बाद नेताजी सिंगापुर से टोक्यो जा रहे थे, लेकिन ताइपे में विमान दुर्घटना का शिकार हुए। प्रारंभिक रूप से जीवित रहने के बावजूद गंभीर चोटों के कारण वही दिन उनकी मृत्यु हुई। उन्हें ताइपे में दाह संस्कार किया गया और बाद में उनकी अस्थियों को टोक्यो के रेनकोजी मंदिर में सुरक्षित रखा गया।

अनीता बोस फ्फ़ाफ़ ने कहा कि जल्द ही वे भारत और जापान से संपर्क कर अस्थियों की डीएनए जांच कराने की योजना बना रही हैं, ताकि उनके पिता के अंतिम संस्कार का काम सही तरीके से किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगस्त 2025 में भी उन्होंने इसी अपील को दोहराया था।

# एनकाउंटर, गिरफ्तारी और बरामदगी से अपराधियों में खौफ

## 'गैंगस्टरां ते वार': ऑपरेशन प्रहार को बड़ी सफलता

### 72 घंटे में 3,256 गिरफ्तार, 80 भगोड़े दबोचे गए, गैंगस्टर-मुक्त बनाने तक जारी रहेगी कार्रवाई

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा गैंगस्टरों के खिलाफ शुरू की गई निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरां ते वार' के तहत पहले चरण में चलाए गए 72 घंटे के 'ऑपरेशन प्रहार' को बड़ी सफलता मिली है। इस कार्रवाई के दौरान विदेशों में बैठे गैंगस्टरों के पंजाब में मौजूद नेटवर्क और ठिकानों पर करारा प्रहार किया गया, जिससे उनके लॉजिस्टिक्स, फाइनेंस और कम्युनिकेशन तंत्र को भारी नुकसान पहुंचा है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि 'गैंगस्टरां ते वार' एक निरंतर अभियान है, जो तब तक पूरी ताकत से जारी रहेगा, जब तक राज्य से गैंगस्टरों का पूरी तरह सफाया नहीं हो जाता। उन्होंने बताया कि मंगलवार को अभियान की घोषणा के साथ ही 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पूरे राज्य में बड़े स्तर पर छापेमारी शुरू की गई थी। इस ऑपरेशन के लिए 12,000 पुलिस कर्मियों की 2,000 से अधिक टीमों को तैनात किया गया, जिन्होंने 60 विदेशी गैंगस्टरों से जुड़े चिन्हित और मैप किए गए ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की। तीन दिन चले इस अभियान के परिणाम साझा करते हुए स्पेशल डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया कि कुल 4,871 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से 3,256 को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा 80 भगोड़े अपराधियों को पकड़ा गया, जबकि 25 एहतियातन गिरफ्तारियां भी की गईं।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस दौरान 69 हथियार, 6.5 किलो हेरोइन, 10.5 किलो अफीम, 5,092 नशीली गोलियां, 72 किलो भुक्की और 2.69 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। स्पेशल डीजीपी ने कहा कि यह ऑपरेशन उम्मीदों से कहीं अधिक सफल रहा और गैंगस्टरों को समर्थन देने वाले नेटवर्क पर सर्जिकल व खुफिया कार्रवाई के ठोस नतीजे सामने आए हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे संगठित अपराध के खिलाफ इस मुहिम में सहयोग करें। लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर गुप्त रूप से सूचना दे सकते हैं।

## पुलिस-मुठभेड़ः कॉलेज विवाद का आरोपी घायल गिरफ्तार

समर न्यूज़ | जालंधर

जालंधर देहात के अलावलपुर रोड के पास गांव डोला में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में आरोपी लवप्रीत उर्फ लभी घायल हुआ और उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक पिस्तौल और बाइक बरामद की है। जानकारी के अनुसार, अलावलपुर पुलिस चौकी इंचार्ज एएसआई परमजीत सिंह गश्त पर थे, जब उन्होंने बाइक सवार लवप्रीत को देखा। पुलिस को देखकर आरोपी ने एक खाली प्लॉट की ओर भागने की कोशिश की, लेकिन बारिश के कारण बाइक फिसल गई और वह गिर पड़ा। पुलिस ने पीछा किया, इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई, जिससे आरोपी की बाजू में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, यह मुठभेड़ उस घटना से जुड़ी है जो 19 दिसंबर को जालंधर-भोगपुर हाईवे के किशनगढ़ चौक पर हुई थी। उस दिन कॉलेज की प्रधानगी को लेकर पक्षकारों में विवाद हुआ था। आरोपियों ने तीन कारों में सवार होकर वहां गोलियां चलाई थीं, जिससे 50-70 युवकों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने पहले जतिंदर और रक्षित को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था, जबकि लवप्रीत फरार चल रहा था।

## बठिंडा में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | बठिंडा

बठिंडा के पूजां वाले मोहल्ले में हाल ही में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने आंशिक रूप से खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी की गिरफ्तारी अभी बाकी है। पुलिस ने चोरी की गई रकम में से 65 हजार रुपये भी बरामद कर लिए हैं। जानकारी के अनुसार, पिछले दिनों पूजां वाले मोहल्ले में स्थित एक मनियारी (कॉस्मेटिक/जनरल स्टोर) की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया था। चोरों ने दुकान में सेंध लगाकर भीतर से करीब एक लाख रुपये नकद और एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बठिंडा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और जांच के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी सिटी नरिंदर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान चोरी की गई रकम में से 65 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि तीसरे आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसे पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

एसपी सिटी ने कहा कि पुलिस शहर में चोरी और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह सतर्क है और फरार आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध पर समय रहते काबू पाया जा सके।

## सड़कें गड्ढों का घर, नगर निगम का है ये कर



लुधियाना के जालंधर बाईपास रोड के गड्ढे में गिरी गाड़ी को निकलते हुए। लक्की भट्टी -समर न्यूज

## सफर खूबसूरत है मंजिल से भी....



बर्फ की चादर से ढकी कश्मीर की वादिया। -समर न्यूज

## सीएम सेहत योजना मील का पत्थरः कुलतार संधवां



समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने राज्यवासियों को बड़ी स्वास्थ्य राहत देते हुए 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' शुरू की है। विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग को इलाज के लिए आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। योजना के तहत पंजाब के प्रत्येक नागरिक को सालाना 10 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा। इलाज के दौरान मरीज से कोई राशि नहीं ली जाएगी और पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। यह सुविधा सरकारी व सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगी।

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश से मौसम बदला, एक्यूआई खराब श्रेणी में 297 पर

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश और गरज के साथ छींटों ने मौसम का मिजाज बदल दिया। बारिश से प्रदूषण में थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन हवा की गुणवत्ता अब भी खराब श्रेणी में बनी हुई है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार सुबह 7 बजे दिल्ली का औसत एक्यूआइ 297 दर्ज किया गया। गुरुवार सुबह जहां एक्यूआइ 312 के साथ 'बहुत खराब' श्रेणी में था, वहीं आज इसमें मामूली सुधार देखने को मिला। हालांकि राजधानी के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर अब भी चिंता का विषय बना हुआ है।

आनंद विहार (317), अशोक विहार (335), वजीरपुर (351), पंजाबी बाग (326), आरके पुरम (315), बवाना (342), चांदनी चौक (326) और द्वारका सेक्टर-8 (316) में AQI 'खराब' से 'बहुत खराब' के बीच दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सुबह 7 बजे दिल्ली का तापमान करीब 16.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि शुक्रवार को कई दौर की बारिश की संभावना है, जिससे अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री तक गिर सकता है।

वहीं शनिवार को तापमान और गिरकर 16–18 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। गौरतलब है कि गुरुवार को दिल्ली में तापमान 27.1 डिग्री तक पहुंच गया था, जो सामान्य से करीब 7 डिग्री अधिक था और बीते सात वर्षों का सबसे गर्म जनवरी दिन रहा। इसकी वजह लगातार चल रही गर्म पूर्वी हवाएं और साफ आसमान बताया गया। IMD ने राजधानी में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को तेज हवाओं व स्थानीय गरज-चमक से सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारियों का कहना है कि अगर मौसम का यह रुझान जारी रहा, तो शनिवार तक AQI 'मॉडरेट' श्रेणी में आ सकता है।

## पानीपत जिला कोर्ट में जियो नेटवर्क ठप

समर न्यूज़ | पानीपत

जिला कोर्ट परिसर में रिलायंस जियो के कमजोर नेटवर्क को लेकर वकीलों का सब्र टूट गया है। मोबाइल सिग्नल न मिलने से परेशान वकीलों ने लोक अदालत का दरवाजा खटखटाया है। जियो के खिलाफ दायर याचिका में कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी और मैनेजिंग डायरेक्टर ईशा अंबानी को भी पार्टी बनाया गया है। अदालत ने मामले का संज्ञान लेते हुए सभी पक्षों को समन जारी कर जवाब तलब किया है। अगली सुनवाई 20 फरवरी को तय की गई है। याचिका में कहा गया है कि कोर्ट की इमारतों और वकीलों के चेंबरों में जियो का नेटवर्क लगभग पूरी तरह फेल है। मुवक्किलों से बात करने और जरूरी कॉल करने के लिए वकीलों को खुले मैदान में जाना पड़ता है, जिससे अदालती कामकाज प्रभावित हो रहा है। ऑनलाइन कोर्ट सेवाएं, डिजिटल भुगतान, ओटीपी और कानूनी डेटाबेस तक पहुंच भी बाधित हो रही है।

## गुरुग्राम में अपहरण का वीडियो वायरल, युवक को डंडों से पीटा

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

शहर में एक दिल दहला देने वाला अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। 6.5 लाख की कथित रकम वसूलने के लिए एक डिलीवरी पार्टनर का अपहरण करने और उसकी बेरहमी से पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयबीर (26) और अमन (21) के रूप में हुई है। दोनों ने पूछताछ में कबूल किया कि यह अपहरण पैसे की वसूली के लिए पहले से रची गई साजिश थी। मुख्य आरोपी जयबीर हिसार में ट्रांसपोर्ट का कारोबार करता है और उसने पीड़ित को अपना पूर्व मित्र बताया। घटना सदर्न पेरिफेरल रोड के पास हुई, जहां आरोपियों और उनके साथियों ने युवक को लात-घूंसों और लकड़ी के डंडों से पीटा, जान से मारने की धमकी दी और जबरन कार में डालकर ले जाने लगे। इसी दौरान इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल की टीम मौके पर पहुंच गई, जिसने अपहरण की कोशिश को नाकाम करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हमले का वीडियो मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें पीड़ित को मदद की गुहार लगाते और बचने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होने के बाद मामला और गंभीर हो गया। एएसआई संदीप कुमार के अनुसार, जयबीर ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2024 में उसने एक ट्रक बेचा था और बिक्री से मिली 6.5 लाख की रकम कार में रखी थी, जिसे पीड़ित ने कथित तौर पर चुरा लिया। आरोप है कि पिछले दो साल से रकम वापस नहीं की गई, जिसके बाद आरोपियों ने उसे डराने और पैसे वसूलने की योजना बनाई।

## समराला में आठ घंटे से लगातार तेज बारिश

जगदीश | समराला
समर न्यूज़

समराला में बीती रात से लगातार करीब आठ घंटे तक हो रही तेज बारिश ने जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। भारी बारिश के कारण पूरे शहर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है, वहीं गलियों और सड़कों पर पानी भर जाने से हालात बदतर हो गए हैं। शहर की कई सड़कें जलमग्न हैं, जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। बारिश के चलते लोग अपने घरों में ही रहने को मजबूर हैं। आज बसंत पंचमी का पर्व भी है, जिसे लेकर आमतौर पर बच्चों और युवाओं में पतंग उड़ाने का खास उत्साह देखने को मिलता है, लेकिन लगातार बारिश के कारण त्योहार का रंग फीका पड़ गया है और लोग घरों में ही कैद हैं। शहर के बाजारों में भी हालात खराब हैं। दुकानदार अपनी दुकानों को बारिश के पानी से बचाने में जुटे हुए हैं। कई दुकानों के बाहर पानी भर गया है, जिससे व्यापार प्रभावित हुआ है।

## उत्तर प्रदेश में SIR के दावे बनाम हकीकत

### ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम गायब

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग के दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर सामने आ रहा है। जहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से यह दावा किया गया कि हर पोलिंग बूथ पर BLO मौजूद हैं और फॉर्म-6 व घोषणा पत्र उपलब्ध हैं, वहीं कई जिलों में स्थिति इसके उलट दिखी। मेरठ जिले के ग्रामीण इलाकों में कई पोलिंग बूथ बंद मिले और स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे दिन BLO नहीं पहुंचे।

ड्राफ्ट मतदाता सूची में बड़ी संख्या में पुराने मतदाताओं के नाम गायब होने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कई परिवारों को न तो एन्युमरेशन फॉर्म मिले और न ही उनके नाम सूची में शामिल हैं। ऐसे में चुनाव आयोग द्वारा पुराने मतदाताओं से भी फॉर्म-6 भरवाने और यह घोषणा करने को कहना कि उनका नाम किसी अन्य विधानसभा या संसदीय क्षेत्र की सूची में नहीं है, विवाद का कारण बन गया है। राजनीतिक नेताओं का आरोप है कि इससे दशकों पुराना मतदाता रिकॉर्ड खत्म हो सकता है, जबकि आम लोग अंतिम सूची से नाम कटने के डर से फॉर्म-6 भरने को मजबूर हैं।

वहीं, मतदाता सूची में दोहरे नाम, गलत विवरण और फोटो वेरिफिकेशन जैसी तकनीकी खामियां भी सामने आई हैं। कुल मिलाकर, SIR प्रक्रिया ने राज्य में मतदाता सूची की पारदर्शिता और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

रैंकिंग | लगातार दूसरी बार श्रेणी ए में स्थान, मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम का प्रमाण

## स्टेट स्टार्टअप रैंकिंग में पंजाब टॉप परफॉर्मर स्टेट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी स्टेट स्टार्टअप रैंकिंग के पाँचवें संस्करण में पंजाब ने एक बार फिर श्रेणी 'ए' में 'टॉप परफॉर्मर स्टेट' का दर्जा हासिल किया है। इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि यह लगातार दूसरी बार है जब पंजाब ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह सम्मान प्राप्त किया है, जो राज्य में मजबूत और गतिशील स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रगति को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि डीपीआईआईटी द्वारा किए गए इस रैंकिंग अभ्यास का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्टार्टअप इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए सुधारात्मक कदम अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना है। मौजूदा संस्करण में 36 में से 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भाग लिया। 1 जनवरी 2023 से 31 अक्टूबर 2024 की अवधि के दौरान छह प्रमुख सुधार क्षेत्रों में प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया गया, जिसके बाद राज्यों को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया। संजीव अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब ने स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण तैयार किया है। स्टार्टअप पंजाब के माध्यम से राज्य सरकार ने वित्तीय सहायता, आधारभूत ढांचे और परामर्श सेवाओं को मजबूत किया है। रैंकिंग अवधि के दौरान 200 से अधिक स्टार्टअप्स को फंडिंग प्रदान की गई, जबकि वर्तमान में राज्य के 2,000 से अधिक स्टार्टअप डीपीआईआईटी में पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप्स को 3 लाख रुपये की सीड ग्रांट, ऋणों पर ब्याज सब्सिडी और लीज रेंटल रिइम्बर्समेंट जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। यह उपलब्धि स्टार्टअप पंजाब टीम, इनक्यूबेटर्स, शैक्षणिक संस्थानों और निवेशकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

## गुलप्रीत सिंह औलख ने डिप्टी कमिश्नर का पदभार संभाला



समर न्यूज़ | नवांशहर

आईएस अधिकारी गुलप्रीत सिंह औलख ने आज जिले के डिप्टी कमिश्नर का पदभार संभाला। वे 2015 बैच के अधिकारी हैं और इससे पहले स्पेशल सेक्रेटरी रेवेन्यू एवं रिहैबिलिटेशन विभाग, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर मुक्तसर साहिब, एमडी पंजाब स्टेट कोऑपरेटिव बैंक और कमिश्नर एमसी अमृतसर के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। उनका मुख्य उद्देश्य जिला निवासियों की समस्याओं समाधान करना, सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाना और पारदर्शी प्रशासन देना होगा।

## डिप्स स्कूल टांडा को धमकी भरी ई-मेल

समर न्यूज़ | होशियारपुर

पंजाब में लगातार मिल रही धमकी भरी ई-मेल्स के बीच होशियारपुर के डिप्स स्कूल टांडा को भी एक गंभीर धमकी मिली है।

ई-मेल में कहा गया है कि यदि 26 जनवरी को होशियारपुर में होने वाले मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे भेजे गए तो वहां बड़ा धमाका किया जाएगा।

इस मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सिटी दविंदर सिंह बाजवा ने बताया कि स्कूल प्रशासन की ओर से पुलिस को लिखित शिकायत दी गई है, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल मामले की गहन जांच की जा रही है।

## निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

समर न्यूज़ | गुरदासपुर।

गुरदासपुर जिले में एक बार फिर बम धमकी से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कलानौर रोड स्थित जीया लाल मित्तल डी.ए.वी. स्कूल, गुरदासपुर पब्लिक स्कूल और ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरे मेल में दोपहर 1 बजे तक विस्फोट की बात कही गई। धमकी मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने तुरंत एहतियात बरतते हुए छुट्टी घोषित कर दी और सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित उनके घर भेजा गया। बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी जांच में जुटी हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले डीसी कार्यालय को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जो बाद में फर्जी निकली। फिलहाल पुलिस स्थिति को नियंत्रण में बताते हुए धमकी देने वाले की पहचान और मंशा की जांच कर रही है।

## एकता और बलिदान की भावना का प्रतीक होगी पंजाब सरकार की झांकी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

गणतंत्र दिवस परेड-2026 के अवसर पर पंजाब सरकार की ओर से प्रस्तुत की जाने वाली झांकी मानव एकता, दया-भावना और धार्मिक मूल्यों के संरक्षण के लिए आध्यात्मिकता तथा बलिदान की निस्वार्थ भावना का सशक्त प्रतीक होगी। यह झांकी समाज को यह संदेश देगी कि मानवता, करुणा और सत्य के लिए दिया गया बलिदान ही सबसे बड़ा धर्म है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह झांकी दो भागों ट्रैक्टर और ट्रेलर में विभाजित है। ट्रैक्टर भाग में हाथ का प्रतीक मानवतावादी और करुणामय दृष्टिकोण को दर्शाता है। जो ईश्वर की एकता का प्रतीक है, वहीं 'हिंद दी चादर' अंकित वस्त्र अत्याचार से पीड़ितों की रक्षा के लिए खड़े होने की भावना को दर्शाता है।

द SUMMER न्यूज़
समर प्राइम 3
www.summerexpress.in
24 जनवरी 2026
समर एक्सप्रेस

# FY2027 तक 6.6% की रफ्तार से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

## एआई, क्लीन एनर्जी और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग बनेंगे विकास के नए स्तंभ : डन एंड ब्रैडस्ट्रीट रिपोर्ट

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत की अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में टेक्नोलॉजी-आधारित बदलावों के सहारे तेज़ गति से आगे बढ़ेगी। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट की इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2027 तक भारत की जीडीपी वृद्धि दर औसतन 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि पारंपरिक आर्थिक मॉडलों से हटकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लीन एनर्जी और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों पर आधारित होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 तक भारत की आर्थिक गति मजबूत बनी रहेगी। घरेलू खपत विकास का प्रमुख इंजन बनी रहेगी, जिसे नीतिगत समर्थन, त्योहारी मांग




और ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च के धीरे-धीरे सामान्य होने से बल मिलेगा। साथ ही सरकारी पूंजीगत व्यय से इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश को गति मिलेगी। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट का अनुमान है कि 2026 में महंगाई दर करीब 3.1 प्रतिशत पर नियंत्रित रहेगी, जिससे मौद्रिक नीति में लचीलापन संभव होगा। वहीं चालू खाते का घाटा जीडीपी के लगभग 1 प्रतिशत पर स्थिर रह सकता है, जिसे सर्विस निर्यात और प्रवासी भारतीयों की रेमिटेंस से समर्थन मिलेगा। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के प्रभाव को कम करेगा।

### मैन्युफैक्चरिंग में वॉल्यूम से वैल्यू की ओर बदलाव

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर अब वॉल्यूम-आधारित मॉडल से निकलकर टेक्नोलॉजी-आधारित वैल्यू क्रिएशन की दिशा में बढ़ रहा है। अगले दशक में मैन्युफैक्चरिंग का जीडीपी में योगदान मध्य-20 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर डिजाइन-पैकेजिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर इस बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं। निवेश का विस्तार मेट्रो शहरों से निकलकर टियर-2 और टियर-3 शहरों तक हो रहा है।

### एआई बनेगा आर्थिक विकास का प्रमुख इंजन

डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत की उत्पादकता में बड़ा इजाफा करेगा। अगले 10 वर्षों में एआई अकेले जीडीपी में लगभग 600 अरब डॉलर तक का योगदान दे सकता है। बीएफएसआई, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर और पब्लिक सर्विसेज में एआई का प्रभाव तेजी से बढ़ेगा। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स अब इनोवेशन हब के रूप में उभर रहे हैं।

### ग्रीन हाइड्रोजन और नए सेक्टरों से बदलेगा परिदृश्य

रिपोर्ट में ग्रीन हाइड्रोजन को औद्योगिक डी-कार्बनाइजेशन और ऊर्जा सुरक्षा के लिए रणनीतिक क्षेत्र बताया गया है। रिफाइनिंग, उर्वरक, स्टील और शिपिंग सेक्टर में इसके उपयोग से आयात निर्भरता घटेगी। इसके अलावा पर्यटन, क्विक कॉमर्स, सिल्वर इकॉनमी और ब्लू इकॉनमी जैसे सेक्टर भी भविष्य की ग्रोथ को नई दिशा देंगे।

डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के ग्लोबल चीफ इकोनॉमिस्ट अरुण सिंह के अनुसार, वर्ष 2026 भारत के लिए एक टर्निंग पॉइंट होगा, जहां टेक्नोलॉजी-ड्रिवन ग्रोथ देश को तेज, स्वच्छ और अधिक मजबूत आर्थिक भविष्य की ओर ले जाएगी।

# चीनी सीमा पर सेना नए बख्तरबंद वाहन लगाएगी

## प्राथमिकता हमेशा स्वदेशी समाधान रहेगी: सेना प्रमुख



**समर न्यूज | नई दिल्ली**

चीन से लगी उत्तरी सीमा पर सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना अपनी पैदल सेना की क्षमता बढ़ाने के लिए नए बख्तरबंद प्लेटफॉर्म की तलाश में है। इस प्रक्रिया में अमेरिकी बख्तरबंद पैदल सेना लड़ाकू वाहन स्ट्राइकर को एक संभावित विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है।

यह जानकारी सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने दी। जनरल द्विवेदी ने साफ किया कि सेना की पहली प्राथमिकता हमेशा स्वदेशी समाधान रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि भारतीय उद्योग सेना की जरूरतों के अनुरूप प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है, तो उसी को चुना जाएगा। अपनी वार्षिक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि उत्तरी मोर्चे के लिए हमें ऐसा प्लेटफॉर्म चाहिए जिसमें सुरक्षा, फायरपावर और मोबिलिटी तीनों का संतुलन हो। स्ट्राइकर उन विकल्पों में शामिल है, जिन पर विचार किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सेना किसी एक विकल्प तक सीमित नहीं है और सभी संभावनाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। यदि स्वदेशी विकल्प तय मानकों पर खरे नहीं उतरते, तो विदेशी विकल्पों को भी देखा जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, यदि स्ट्राइकर को आगे बढ़ाया जाता है तो शुरुआत में अमेरिका की फॉरेन मिलिट्री सेल्स प्रक्रिया के तहत सीमित संख्या में सीधी खरीद हो सकती है। इसके बाद भारत में संयुक्त उपक्रम के माध्यम से सह-उत्पादन का मॉडल अपनाने पर विचार किया जा सकता है।

भारतीय सेना लगभग 530 पैदल सेना लड़ाकू वाहन (आईसीवी) शामिल करने की योजना पर काम कर रही है।

स्ट्राइकर की एक बड़ी खासियत इसकी एयर मोबिलिटी है। इसे चिनूक जैसे भारी हेलीकॉप्टर के जरिए दुर्गम और ऊंचाई वाले इलाकों तक ले जाया जा सकता है। हालांकि, इसकी सीमाएं भी हैं। सेना चाहती है कि नया आईसीवी एम्फीबियस हो, यानी ज़मीन और पानी दोनों पर चल सके, जबकि स्ट्राइकर में यह क्षमता नहीं है। साथ ही लद्दाख जैसे क्षेत्रों के लिए बेहतर पावर-टू-वेट रेशियो की भी मांग रखी गई है।

# गूगल जेमिनी में सुरक्षा खामी, यूजर्स की प्राइवेसी पर खतरा

**समर न्यूज | नई दिल्ली**

भारतीय गूगल के एआई असिस्टेंट जेमिनी को लेकर एक बड़ी सुरक्षा चेतावनी सामने आई है। हाल ही में जेमिनी को गूगल कैलेंडर तक पहुंच दी गई थी, ताकि वह मीटिंग्स और शेड्यूल से जुड़ी जानकारी देकर यूजर्स की प्रोडक्टिविटी बढ़ा सके। लेकिन सुरक्षा शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि यही सुविधा निजता के लिए जोखिम बन सकती है। Miggo Security के मुताबिक, हैकर्स Indirect Prompt Injection तकनीक के जरिए कैलेंडर




इनवाइट में छुपे निर्देश डालकर जेमिनी को बहका सकते हैं। इससे बिना यूजर की जानकारी के निजी कैलेंडर डेटा लीक हो सकता है। गूगल ने खामी की पुष्टि कर इसे ठीक करने का दावा किया है। यह मामला एआई आधारित फीचर्स में नई तरह की सुरक्षा चुनौतियों की ओर इशारा करता है।

# भारत में एपल पे लॉन्च की तैयारी

## 2026 तक फेज वाइज रोल आउट करने की है योजना

**समर न्यूज | नई दिल्ली**

एपल कंपनी भारत में अपनी डिजिटल पेमेंट सर्विस एपल पे लॉन्च करने की तैयारी में है। इसके लिए कंपनी ने मास्टरकार्ड और वीजा जैसे बड़े इंटरनेशनल कार्ड नेटवर्क्स के साथ बातचीत शुरू कर दी है। एपल इस समय भारत में रेगुलेटरी अप्रूवल हासिल करने की प्रक्रिया में है। साल 2026 तक सर्विस को फेज वाइज रोल आउट करने की योजना है।

मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, एपल पे का पहला चरण भारत में UPI के बिना शुरू हो सकता



है। शुरुआत में एपल थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं करेगी। फिलहाल एपल पे के जरिए UPI पेमेंट की सुविधा नहीं मिलेगी। पहले चरण में पूरी तरह कार्ड-बेस्ड कॉन्टैक्टलेस पेमेंट्स पर रहेगा। एपल पे के जरिए iPhone यूजर्स अपने क्रेडिट या डेबिट कार्ड को एपल वालेट में स्टोर कर सकेंगे। इसके बाद वे मर्चेंट आउटलेट्स पर सिर्फ फोन टैप करके पेमेंट कर पाएंगे। यह सुविधा नियर-फील्ड कम्युनिकेशन आधारित 'टैप-टू-पे' टेक्नोलॉजी पर काम करती है। पेमेंट को फेस आईडी या टच आईडी से ऑथेंटिकेट किया जा सकेगा, जिससे ट्रांजैक्शन न सिर्फ तेज बल्कि अधिक सुरक्षित भी होगा। फिलहाल भारत में कार्ड्स को एपल वालेट में जोड़ने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। भारत में डिजिटल पेमेंट को लेकर आरबीआई के नियम काफी सख्त हैं, खासकर डेटा लोकलाइजेशन और कार्ड टोकनाइजेशन को लेकर। इन्हीं नियमों के अनुपालन के लिए एपल रेगुलेटर्स के साथ लगातार बातचीत कर रही है। इसके साथ ही भारतीय बैंकों के साथ कमर्शियल एग्रीमेंट और फीस स्ट्रक्चर पर भी चर्चा चल रही है। वैश्विक स्तर पर एपल हर ट्रांजैक्शन पर बैंकों से एक छोटा कमीशन लेता है, जिसे लेकर भारत में सहमति बनाना कंपनी के लिए एक चुनौती माना जा रहा है। भारत में एपल पे का मुकाबला पहले से मौजूद फोन पे और पेटीएम जैसी पेमेंट ऐप्स से होगा। हालांकि, एपल पे सिर्फ एपल डिवाइसेस iPhone, Apple Watch और iPad पर ही काम करेगा।

### भारत बना ग्लोबल कॉन्सर्ट हब

# दुनिया के बड़े आर्टिस्ट्स की 'मस्ट-स्टॉप' लिस्ट में शामिल

**समर न्यूज | नई दिल्ली**

भारत अब वैश्विक कॉन्सर्ट और लाइव म्यूजिक इंडस्ट्री का बड़ा केंद्र बनकर उभर चुका है। देश में अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के कॉन्सर्ट के टिकट सेकंडों में सोल्ड आउट हो रहे हैं। जिस शहर में शो होता है, वहां होटल फुल हो जाते हैं, फ्लाइट्स की डिमांड बढ़ जाती है और पूरी स्थानीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त रफ्तार मिलती है। 2025 में कोल्डप्ले, एड शीरन और ट्रैविस स्कॉट जैसे सुपरस्टार्स की रिकॉर्डतोड़ सफलता के बाद अब 2026 की शुरुआत में ही बड़े इवेंट्स की लंबी लिस्ट तय हो चुकी है। इससे साफ है कि भारत अब ग्लोबल आर्टिस्ट्स की टूर लिस्ट में 'मस्ट-स्टॉप' बन गया है।




2026 के पहले दो महीनों में ही कई बड़े अंतरराष्ट्रीय नाम भारत में परफॉर्म करने आ रहे हैं। जनवरी में मुंबई में होने वाला लोलापलूजा इंडिया 2026 खास आकर्षण रहेगा, जिसमें प्लेबॉय कार्टी और फुजी काजे जैसे दिग्गज कलाकार मंच संभालेंगे। वहीं फरवरी में मशहूर बैंड द लुमिनियर्स दिल्ली-गुड़गांव में अपना शो करेंगे, जबकि जॉन मेयर फरवरी में ही मुंबई में सोलो परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।

वर्ष 2025 भारत के लाइव म्यूजिक इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ। कोल्डप्ले ने अहमदाबाद में अपने शो के लिए अतिरिक्त तारीखें जोड़नी पड़ी थीं और सभी शो हाउसफुल रहे। एड शीरन ने दोबारा भारत का दौरा किया, जबकि ट्रैविस स्कॉट और अकोन जैसे कलाकारों ने भी भारी भीड़ जुटाई। इन आयोजनों ने यह साबित कर दिया कि भारत में टिकट सेल और दर्शकों की संख्या अब वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने लगी है। इन कॉन्सर्ट्स का असर केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहता। होटल, ट्रांसपोर्ट, रेस्तरां और रिटेल सेक्टर को बड़ा फायदा मिलता है। फैंस देश-विदेश से शो देखने पहुंचते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बूस्ट मिलता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अकेले कोल्डप्ले के अहमदाबाद शो से शहर को करीब 641 करोड़ रुपये का आर्थिक लाभ हुआ। EY-पार्थेनॉन और बुकमायशो की रिपोर्ट 'इंडियाज राइजिंग कॉन्सर्ट इकोनॉमी' के अनुसार, 2024 में ऑर्गनाइज्ड लाइव इवेंट्स सेगमेंट 12,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है और आने वाले वर्षों में इसमें 18–19 प्रतिशत की सालाना वृद्धि

# भारतीय पासपोर्ट हुआ मजबूत

## रैंकिंग में 5 पायदान की छलांग लगाकर 80वां स्थान पाया

**समर न्यूज | नई दिल्ली**

भारतीय पासपोर्ट की वैश्विक ताकत में इस साल उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। पासपोर्ट रैंकिंग जारी करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था हेनले एंड पार्टनर्स की 2026 की रैंकिंग में भारत ने 5 स्थान की छलांग लगाते हुए 80वां स्थान हासिल किया है। वर्ष 2025 में भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग 85वीं थी।

नई रैंकिंग के अनुसार अब भारतीय नागरिक 55 देशों में वीज़ा-फ्री या वीज़ा-ऑन-अराइवल यात्रा कर सकते हैं। यह रैंकिंग इस आधार पर तय की जाती है कि किसी देश के पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना पूर्व वीज़ा के प्रवेश कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तानी पासपोर्ट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट्स में शामिल है। ताजा




रैंकिंग में पाकिस्तान 98वें स्थान पर है और यह दुनिया का पांचवां सबसे कमजोर पासपोर्ट माना गया है। वर्ष 2025 में पाकिस्तान की रैंकिंग 103 थी। इसी तरह बांग्लादेशी पासपोर्ट 95वें स्थान पर है और यह दुनिया का आठवां सबसे कमजोर पासपोर्ट है।

वैश्विक स्तर पर सिंगापुर लगातार दूसरे वर्ष दुनिया का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट बना हुआ है, जिसके नागरिक 192 देशों में बिना वीज़ा यात्रा कर सकते हैं। जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जिनके पासपोर्ट धारकों को 188 देशों में वीज़ा-फ्री प्रवेश की सुविधा मिलती है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत की रैंकिंग में यह सुधार अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक गतिशीलता के लिहाज से एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

## Good DAY

**समर न्यूज | लुधियाना**

आज का दिन आपके जीवन में खुशियों, शांति और सफलता के नए अवसर लेकर आए। हर सुबह हमें फिर से शुरुआत करने का मौका देती है, इसलिए अपने लक्ष्य याद रखें और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। छोटी-छोटी उपलब्धियों को महत्व दें, क्योंकि वही आगे चलकर बड़ी सफलताओं का आधार बनती हैं। अपने आसपास मौजूद अच्छी बातों के लिए आभार प्रकट करें और दूसरों के साथ दयालुता और सम्मान का व्यवहार करें। यदि आज कोई कठिनाई सामने आए, तो घबराने के बजाय उसे सीखने का अवसर मानें। धैर्य रखें, खुद पर विश्वास रखें और यह याद रखें कि हर समस्या का समाधान होता है। अपने मन और शरीर का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी है—कुछ पल शांत बैठें,



गहरी सांस लें और प्रकृति या संगीत जैसी सरल खुशियों का आनंद लें। आज आप जो भी कार्य करें, उसमें पूरी लगन और ईमानदारी रखें। रिश्तों में अपनापन बनाए रखें और अपने शब्दों से किसी का मन न दुखाएं, बल्कि उन्हें प्रेरित करें। उम्मीद है कि आज का दिन आपके लिए नई उपलब्धियां, सुकून भरे पल और यादगार खुशियां लेकर आए। ईश्वर करे आपका आज का दिन सचमुच बहुत अच्छा और सफल हो!

**शोभन सोई**
**सीईओ, क्ले ग्रुप ऑफ स्कूल्स**

**पेज 3 एंकर स्टोरी** आंकड़े बताते हैं एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों से रेबीज और कुत्तों के काटने की घटनाओं में बड़ी गिरावट आई

# आवारा कुत्तों पर बहसः आश्रय नहीं, नसबंदी ही टिकाऊ समाधान

**समर न्यूज | नई दिल्ली**

भारत में आवारा कुत्तों को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। हालिया अदालती सुनवाइयों और कुछ मीडिया रिपोर्टों में "कम्युनिटी डॉग्स" को बढ़ते खतरे के रूप में पेश किया जा रहा है। यह रुख उन विशेषज्ञों और संगठनों के लिए चौंकाने वाला है, जो वर्षों से भारत में कुत्ता कल्याण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि भारत में मानव-कुत्ता सहअस्तित्व पहले से कहीं अधिक संतुलित और सहिष्णु रहा है और इसके पीछे सबसे बड़ा कारण एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों का प्रभावी होना है।

यह कहना गलत होगा कि चुनौतियां पूरी तरह खत्म हो चुकी हैं। जब तक एक भी व्यक्ति रेबीज़ से मरता है, तब तक प्रयासों को अधूरा नहीं कहा जा सकता। लेकिन मौजूदा बहस का स्वर न तो आंकड़ों से मेल खाता है और न ही जमीनी हकीकत से।

**आंकड़े क्या कहते हैं**

द लैंसेटः इंफेक्शियस डिज़ीज़ेज में 2025 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, भारत में रेबीज से होने वाली मौतें 2003 के लगभग 20,000 प्रति वर्ष से घटकर 2022-23 में करीब 5,700 प्रति वर्ष रह गई हैं। इसी तरह, कुत्तों के काटने की घटनाएं भी 2003 में प्रति 1,000 लोगों पर 15.6 से घटकर 2022-23 में 5.6 रह गईं यानी लगभग तीन गुना कमी। यह गिरावट उसी सामुदायिक सर्वे पद्धति से मापी गई थी, जिससे तुलना पूरी तरह विश्वसनीय मानी जाती है।

अध्ययन यह भी स्पष्ट करता है कि 2030 तक रेबीज़ उन्मूलन के लक्ष्य



### दो अहम समस्याएं

पहली, कई राज्यों और शहरों में केंद्र सरकार के एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों के क्रियान्वयन में ढिलाई आई है। दूसरी, यह धारणा बढ़ रही है कि बड़े पैमाने पर कुत्तों के लिए शेल्टर बनाना, ABC का विकल्प हो सकता है जबकि यह सोच तथ्यात्मक रूप से गलत है। भारत के कई शहरों में काम करने वाले संगठनों का अनुभव बताता है कि जब किसी क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया जाता है, तो आक्रामकता और काटने की शिकायतें अपने-आप कम हो जाती हैं। मुंबई, जयपुर, लखनऊ, वडोदरा और देहरादून जैसे शहरों में यह साफ देखा गया है कि निरंतर नसबंदी से न केवल कुत्तों की संख्या स्थिर होती है, बल्कि उनका व्यवहार भी शांत होता है।

को हासिल करने के लिए भारत को अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। रेबीज़ वायरस मुख्य रूप से संक्रमित कुत्तों के काटने से फैलता है और इसका सबसे प्रभावी समाधान कुत्तों का टीकाकरण और नसबंदी है।

**शेल्टर मॉडल की सख्त हकीकत**

शेल्टर व्यवस्था "इनपुट" और "आउटपुट" के कठोर गणित पर चलती है। कुछ कुत्तों को सड़कों से हटाते ही प्रजनन, बाहर से आने वाले कुत्तों और छोड़े गए पालतू जानवरों के कारण खाली जगह तुरंत भर जाती है। यही वजह है कि शेल्टर जल्दी ही भर जाते हैं और फिर या तो भारी खर्च बढ़ता है या जानवरों को मारने जैसे अमानवीय विकल्प सामने आते हैं। अमेरिका इसका उदाहरण है, जहां हर साल 3 अरब डॉलर से अधिक खर्च करने के बावजूद करीब 6 लाख कुत्ते और बिल्लियाँ मारे जाते हैं। ब्रिटेन और कई कॉमनवेल्थ देशों में भी कुत्तों की सामूहिक हत्या का इतिहास रहा है। भारत ने 2001 में ABC नियम लागू कर इस अमानवीय रास्ते से खुद को अलग किया। 2023 के संशोधित नियमों ने इस ढांचे को और मजबूत किया है, जिसमें नसबंदी, टीकाकरण और उसी क्षेत्र में कुत्तों को लौटाने की व्यवस्था शामिल है।

**आर्थिक तुलना भी साफ है :** भारत में एक कुत्ते की नसबंदी और टीकाकरण पर औसतन 1,200-2,000 रुपये खर्च होते हैं। लखनऊ जैसे शहरों में यह लागत लगभग 1,250 रुपये प्रति कुत्ता रही है। इसके मुकाबले, अमेरिका में एक कुत्ते को शेल्टर में रखने और गोद देने की न्यूनतम लागत 34,000 रुपये से शुरू होती है, जो समय के साथ और बढ़ती जाती है।

# सोनीपत में टेक्सटाइल निवार फैक्ट्री में भीषण आग, बड़े नुकसान का अनुमान

## शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगने की आशंका बताई गई

समर न्यूज़ | गोहाना (सोनीपत)



सोनीपत जिले में शुक्रवार तड़के एक निवार फैक्ट्री में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। महमूदपुर रोड स्थित श्याम टेक्सटाइल निवार फैक्ट्री में शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हादसे में फैक्ट्री में रखा कच्चा माल, तैयार निवार (चरवाई) और कीमती मशीनरी जलकर राख हो गई, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। आग शुक्रवार सुबह करीब पांच से छह बजे के बीच लगी, उस समय फैक्ट्री में कामकाज बंद था। जैसे ही आग की लपटें और घना धुआं उठता दिखाई दिया, आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोहाना से दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए खरखौदा और सोनीपत से अतिरिक्त दमकल वाहन भी बुलाए गए। दमकल कर्मियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। राहत की बात यह रही कि घटना के समय फैक्ट्री में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है, हालांकि प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन और विस्तृत जांच की जा रही है।

चलते कंटेनर के केबिन में लगी आग, चावल से भरा वाहन क्षतिग्रस्त इसी दौरान सोनीपत-रोहतक हाईवे पर गांव बड़ौता बाईपास के पास एक चलते कंटेनर में भी आग लगने की घटना सामने आई। कंटेनर में लाखों रुपये मूल्य का चावल भरा हुआ था, जिसे उत्तर प्रदेश निवासी चालक गुजरात लेकर जा रहा था। हाईवे पर चलते समय चालक ने अचानक केबिन से धुआं निकलते देखा। उसने तुरंत वाहन रोका और कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही पलों में केबिन में आग फैल गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक केबिन पूरी तरह जल चुका था। कंटेनर मालिक संदीप, निवासी गांव कटवाल, ने बताया कि आग लगने से केबिन के साथ-साथ कंटेनर के हिस्सों में भी धुआं फैल गया, जिससे चावल को नुकसान पहुंचने की आशंका है। यह घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया है और दोनों घटनाओं में नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

## बावल रेलवे पुल के पास युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

समर न्यूज़ | रेवाड़ी

जिले के बावल क्षेत्र में रेलवे पुल के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हरचंदपुर गांव निवासी 35 वर्षीय सिकंदर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, सिकंदर गुरुवार सुबह घर से सामान लेने निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बाद में उसका शव बावल रेलवे पुल के पास बरामद हुआ, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सिकंदर पांच बहनों का इकलौता भाई था और अपने परिवार की अहम जिम्मेदारी संभाल रहा था। उसके तीन छोटे बच्चे हैं। अचानक हुई इस मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### दोस्त की बेटी बनकर

## बुजुर्ग कारोबारी से की 1.10 करोड़ की साइबर ठगी

समर न्यूज़ | पानीपत

पानीपत में साइबर ठगों ने सेक्टर-11 निवासी बुजुर्ग कारोबारी विरेंद्र कुमार को झांसे में लेकर 1.10 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की। आरोप है कि आरोपी महिला विधा पांडेय ने पहले फेसबुक पर खुद को उनके स्वर्गीय दोस्त महेश पांडेय की बेटी बताकर संपर्क किया।

उसके बाद आरोपी ने दो अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सएप चैट कर बुजुर्ग को मानो मानो एप के जरिए व्यापार करने का झांसा दिया। उसने कारोबारी से कहा कि वह एप को अपने मोबाइल फोन में इंस्टॉल करें और व्यापार शुरू करें। 14 नवंबर 2025 को विरेंद्र ने एप इंस्टॉल कर 7,287 रुपये से व्यापार शुरू किया। इस प्रक्रिया के दौरान 14 नवंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक आरोपी ने कुल 45 अलग-अलग ट्रांजेक्शन कराकर 1,10,88,194 रुपये की ठगी कर ली।

जब लगातार पैसे कटने लगे, तो पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने तुरंत 1930 नंबर पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। साथ ही सभी ट्रांजेक्शन की डिटेल भी ऑनलाइन अपलोड कर दी।

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ित के बैंक डिटेल अपने कब्जे में लेकर सभी खातों की समीक्षा शुरू कर दी है।

पुलिस ने कहा कि आरोपी महिला की पहचान कर पकड़ने और साइबर ठगी की पूरी साजिश उजागर करने के प्रयास जारी हैं।

### हरियाणा ग्रामीण बैंक चोरी

## 27.92 लाख लूट की साजिश बेनकाब

समर न्यूज़ | हिसार



अग्रोहा क्षेत्र के नंगथला गांव स्थित हरियाणा ग्रामीण बैंक में 11 जनवरी की रात स्ट्रांग रूम से 27.92 लाख रुपये की बड़ी चोरी पूरी तरह सुनियोजित साजिश का नतीजा निकली। जांच में सामने आया है कि चोरी से पहले आरोपितों ने विस्तृत योजना बनाई थी। इस साजिश की शुरुआत अंबाला जेल में बंद बिहार निवासी आरोपित गौतम और पंजाब निवासी चेतन की मुलाकात से हुई, जहां दोनों के बीच दोस्ती हुई और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनी। पुलिस के अनुसार 10 जनवरी को गौतम ने चेतन से फोन पर गाड़ी की व्यवस्था करने को कहा। इसके बाद सभी आरोपित तय स्थान पर एकत्र हुए और वाहन से नंगथला गांव पहुंचे, जहां बैंक में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपितों ने इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया है। वारदात के बाद सभी छह आरोपित पंजाब पहुंचे, जहां चोरी की गई रकम का आपस में बंटवारा किया गया। इसके बाद चेतन और गौतम पंजाब में रुके, जबकि अन्य आरोपित अलग-अलग स्थानों पर चले गए ताकि पुलिस से बच सकें। बाद में गौतम भी चेतन से अलग हो गया। स्पेशल स्टाफ की टीम ने कड़ी मेहनत के बाद तीन आरोपितों कुंदन, गौतम और सूरज को फर्रुखाबाद से गिरफ्तार किया, जबकि चौथे आरोपित चेतन को हिसार से दबोचा गया। पुलिस ने बताया कि चोरी से पहले बैंक की दीवार तोड़ी गई थी और अंदर घुसकर आरोपितों ने शराब का सेवन भी किया। मौके से शराब की खाली बोतलें और चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार बरामद हुए, जो पंजाब से खरीदे गए थे। सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की मदद से फोन लोकेशन ट्रेस कर आरोपितों तक पहुंचा गया।

# हरियाणा में पराक्रम दिवसः मुख्यमंत्री ने नेताजी को किया याद

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पराक्रम दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी के पावन पर्व की भी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और देश की आजादी में नेताजी के अतुलनीय योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे, जिनके साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति ने पूरे देश को नई दिशा दी।

उन्होंने कहा कि आज हम जो आज़ादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, उसके पीछे नेताजी जैसे वीर सपूतों का संघर्ष और बलिदान है। नेताजी ने देशवासियों के मन में स्वतंत्रता की अलख जगाई और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का रास्ता दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराक्रम दिवस केवल एक स्मरण दिवस नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और समर्पण का संदेश देता है। नेताजी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

आत्मनिर्भर भारत, सशक्त भारत और समृद्ध भारत की नींव उन्हीं आदर्शों पर रखी जा रही है, जिनका सपना नेताजी ने देखा था। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बसंत पंचमी के अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पर्व ज्ञान, संस्कृति और नई ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# अंबाला कैंट में 3 लाख रुपये की लूट का खुलासा

## सीआईए-2 टीम ने नौ महीने की जांच के बाद इस मामले में तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया

समर न्यूज़ | अंबाला कैंट



अंबाला कैंट में 13 मई 2025 को कोल्ड ड्रिंक डिस्ट्रीब्यूटर संजीव त्रेहन (49) और उनके बेटे से हुई लूटपाट का रहस्य आखिरकार सुलझा लिया गया है। सीआईए-2 टीम ने नौ महीने की जांच के बाद इस मामले में तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया और एक जुवेनाइल को संरक्षण में लिया। पूछताछ में आरोपी राहुल ने स्वीकार किया कि उसने अपनी बाइक 60 हजार रुपये में गिरवी रखी थी और उसे छुड़वाने के लिए पैसों की जरूरत थी। इस कारण उसने दोस्तों के साथ मिलकर त्वरित पैसे कमाने के उद्देश्य से लूट की योजना बनाई थी। जांच में सामने आया कि 13 मई की रात आरोपियों ने प्रीत नगर के गोदाम से निकलते समय संजीव त्रेहन और उनके बेटे की रेकी की थी। जैसे ही वे अंधेरी गली में पहुंचे, आरोपियों ने उनकी आंखों में मिर्च डाल दी। डर और अंधेरे के कारण संजीव और उनके बेटे एक्टिवा से गिर गए, फिर आरोपियों ने चाकू से हमला कर तीन लाख रुपये नकदी से भरा थैला छीन लिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई हैः अभिषेक (सिमरन विहार, बीडी फ्लोर मिल के पीछे), राहुल (शालीमार बाग), दीपक (कुंज विहार)। इसके अलावा लालकुर्ती का एक जुवेनाइल भी संरक्षण में लिया गया। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में एएसआई नवीन राणा, वेद प्रकाश और हेड कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल थे। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

### खुदाई तीन साल तक चलेगी और पिछले चरणों से अलग और बेहद महत्वपूर्ण

# राखीगढ़ी टीलों की खुदाईः सरकार ने विरासत को किया मजबूत

समर न्यूज़ | नारनौंद (हांसी)



विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में शामिल राखीगढ़ी में इतिहास के नए पन्ने अब खुलने वाले हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के महानिदेशक वाईएस रावत ने वीरवार को चौथे चरण की खोदाई की औपचारिक शुरुआत की। इससे पहले तीसरे चरण की खोदाई मई 2025 में समाप्त हुई थी। रावत ने टीला नंबर एक पर पूजा अर्चना के बाद औजारों पर टीका लगाकर खुद खोदाई का शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि यह खोदाई तीन साल तक चलेगी और पिछले चरणों से अलग और बेहद महत्वपूर्ण है। इस बार शोध का मुख्य उद्देश्य राखीगढ़ी के सातों टीलों के आपसी संबंध और नगर के विकास के क्रम को समझना है। खोदाई के दौरान यह अध्ययन किया जाएगा कि क्या बार-बार आई बाढ़ या किसी प्राकृतिक घटना ने नगर को अलग-अलग हिस्सों में बांटा, या फिर आवासीय, व्यावसायिक, कारीगरों और प्रशासनिक क्षेत्रों के लिए अलग टीलों का निर्माण हुआ। इस चरण की सबसे बड़ी खासियत यह है कि टीलों की निचली सतह से खोदाई की जाएगी। इससे यह पता चलेगा कि नगर का विकास किस क्रम में हुआ और विभिन्न स्तर कैसे जुड़े हुए थे। रावत ने बताया कि राखीगढ़ी हड़प्पा और मोहनजोदड़ो से भी बड़ा स्थल माना जाता है। इससे मिलने वाले निष्कर्ष देश और विश्व इतिहास दोनों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस अवसर पर एएसआई चंडीगढ़ सर्कल के विशेषज्ञ भी मौजूद थे। रावत ने राखी शाहपुर के ज्ञान केंद्र का दौरा कर वहां प्रदर्शित खोदाई की वस्तुओं की सराहना की। अब तक की खोदाई का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः पहला चरण (1998-2000) साइट तीन पर, दूसरा चरण (2011-2016) साइट एक पर और तीसरा चरण (2023-2025) साइट सात पर किया गया। चौथा चरण हड़प्पा सभ्यता के अध्ययन में नए आयाम खोलेगा।

सुविधा

### जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में वीरवार को हुए सड़क हादसे ने हरियाणा को गहरा जख्म दिया

# हरियाणा के दो वीर जवान शहीद, गांवों में शोक की लहर

समर न्यूज़ | झज्जर/यमुनानगर







खाई में गिरा वाहन और शहीद हुए जवान की फाइल तस्वीरें। - समर न्यूज़

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने हरियाणा को गहरा जख्म दिया है। इस हादसे में राज्य के दो वीर सपूत-झज्जर जिले के गिजाड़ोध गांव निवासी सिपाही मोहित और यमुनानगर के गांव शेरपुर निवासी सुधीर नरवाल देश सेवा करते हुए शहीद हो गए।

हादसा उस समय हुआ, जब सेना का एक वाहन पहाड़ी मार्ग पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। वाहन में सवार जवान श्रीनगर से डोडा की ओर जा रहे थे। दुर्घटना में कुल 10 जवानों की जान चली गई। 26 वर्षीय सिपाही मोहित भारतीय सेना की 72 आर्मर्ड रेजिमेंट में तैनात थे।

वर्ष 2020 में सेना में भर्ती हुए मोहित वर्तमान में श्रीनगर क्षेत्र में सेवाएं दे रहे थे। वे करीब डेढ़ माह पहले ही छुट्टी पूरी कर ड्यूटी पर लौटे थे और जल्द घर आने का वादा कर गए थे। उनकी शादी एक वर्ष पूर्व अंजलि से हुई थी और हाल ही में दंपती ने पहली सालगिरह मनाई थी।

मोहित के पिता सतपाल किसान हैं, माता रेखा गृहिणी हैं, जबकि छोटा भाई जितेंद्र वाहन चालक है। गांव सरपंच नरेश के अनुसार, शहीद मोहित का पार्थिव शरीर शुक्रवार दोपहर गांव पहुंचेगा, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं, इसी हादसे में यमुनानगर के गांव शेरपुर निवासी 26 वर्षीय जवान सुधीर नरवाल भी शहीद हो गए।

सुधीर देश सेवा के दौरान जम्मू-कश्मीर में तैनात थे और अपने परिवार की बड़ी उम्मीद थे। कुछ समय पहले ही उनके पिता का निधन हुआ था, और अब सुधीर की शहादत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव शेरपुर में जैसे ही शहादत की खबर पहुंची, मातम छा गया और ग्रामीणों की भीड़ सुधीर के घर उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों ने उन्हें मिलनसार और जिम्मेदार युवक बताया। दोनों जवानों की शहादत की खबर से झज्जर और यमुनानगर सहित पूरे हरियाणा में शोक की लहर है। प्रशासन और सेना की ओर से शहीदों को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि दी जा रही है। हरियाणा ने अपने दो लाल खो दिए हैं, जिनकी वीरता और बलिदान को राज्य हमेशा गर्व के साथ याद रखेगा।

# फरीदाबाद में देश का पहला कुत्तों का श्मशान घाट शुरू

समर न्यूज़ | फरीदाबाद




फरीदाबाद में जानवरों के प्रति मानवीय संवेदना और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई है। जिले के बुढ़ाना गांव में भारत का पहला कुत्तों का श्मशान घाट तैयार किया गया है, जहां आवारा और पालतू कुत्तों को सम्मानजनक अंतिम विदाई दी जाएगी। यह पहल न केवल वफादार जानवरों के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है, बल्कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को भी बेहतर बनाएगी। इस श्मशान घाट की खास बात यह है कि यहां पर्यावरण अनुकूल तरीके से अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम संस्कार में लकड़ी के बजाय गोबर के उपलों का उपयोग होगा, जिससे प्रदूषण कम होगा। यह परियोजना पूर्व आईएएस अधिकारी सुनील गुलाटी के सहयोग से विकसित की गई है और इसे नगर निगम व सीएसआर तथा निजी एनजीओ के सहयोग से संचालित किया जाएगा। अब तक अक्सर देखा जाता था कि सड़क किनारे खाली प्लॉटों या कूड़े के ढेरों पर मृत कुत्तों के शव पड़े रहते थे, जिससे दुर्गंध फैलती थी और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता था। इस समस्या के समाधान के लिए श्मशान घाट के साथ मॉर्चरी वाहन की भी व्यवस्था की गई है। किसी भी क्षेत्र में कुत्ते की मौत की सूचना मिलने पर नगर निगम की टीम शव को सुरक्षित तरीके से श्मशान घाट तक पहुंचाएगी। इससे सफाई कर्मचारियों और आम नागरिकों दोनों को राहत मिलेगी। नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार फरीदाबाद जिले में कुत्तों की संख्या करीब 50 हजार है, जिनमें पालतू और आवारा दोनों शामिल हैं। रोजाना औसतन एक से दो कुत्तों की मौत होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि खुले में पड़े शवों से रेबीज और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। यह श्मशान घाट इन खतरों को काफी हद तक कम करेगा। सोशल वर्कर विनीत खट्टर ने इसे पशु कल्याण की दिशा में अहम कदम बताया। वहीं नगर निगम अधिकारी डॉ. नितेश परमार ने कहा कि भारत में पहली बार फरीदाबाद में कुत्तों के लिए श्मशान घाट बनाया गया है, जिससे शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था को सीधा लाभ मिलेगा। आने वाले समय में यह पहल पूरे जिले के लिए एक मिसाल बनेगी।

### शिमला में सीजन की पहली बर्फबारी, सड़कों पर फिसलन से वाहन रेंगते नजर आए, होटल किराए आसमान पर

# शिमला ने ओढ़ी सफेद चादर, सैलानियों में खुशी की लहर, फिसलन और महंगे होटलों ने बढ़ाई चिंता

कार्तिक | शिमला
समर न्यूज़



पहाड़ों की रानी शिमला में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सीजन की पहली बर्फबारी ने दस्तक दे दी है। आज सुबह से ही शिमला और आसपास के इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला शुरू हुआ, जिससे पूरे शहर ने सफेद चादर ओढ़ ली है। अब तक करीब दो इंच से ज्यादा बर्फ गिर चुकी है और बर्फबारी का दौर लगातार जारी है। बर्फ गिरते ही शिमला पहुंचे पर्यटकों के चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती है। मौसम खराब होने की पहले से मिली जानकारी के बाद बड़ी संख्या में सैलानी बीते दिन ही शिमला पहुंच गए थे। सुबह जब बर्फबारी शुरू हुई तो पर्यटक बर्फ के बीच फोटो खिंचवाते और मस्ती करते नजर आए। कई पर्यटक पहली बार बर्फबारी का नजारा देख बेहद उत्साहित दिखे।हालांकि इस खूबसूरत नजारे के साथ परेशानियां भी बढ़ गई हैं। सड़कों पर बर्फ जमने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वाहन सड़कों पर फिसलते नजर आए और कई जगह गाड़ियों को धक्का लगाकर निकालना पड़ा। शिमला-कुफरी मार्ग को एहतियातन यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। ढली टनल से कुफरी की ओर जाने वाले कई पर्यटक वाहनों समेत फंस गए हैं।

पर्यटकों को होटल की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। कई सैलानियों का कहना है कि होटल या तो उपलब्ध नहीं हैं और जो मिल रहे हैं, उनके दाम काफी ज्यादा वसूले जा रहे हैं। एक कमरे के लिए 10 से 15 हजार रुपये तक की मांग की जा रही है। प्रशासन की ओर से लोगों और पर्यटकों से अपील की गई है कि बिना जरूरी यात्रा से बचें और मौसम को देखते हुए सतर्कता बरतें। "हम दूसरे राज्य से शिमला सिर्फ बर्फ देखने आए थे। आज सुबह से बहुत अच्छी बर्फबारी हो रही है, लेकिन गाड़ियां फिसल रही हैं।

# शून्य तापमान में ग्रामीणों का पहरा

### अवैध कश्मल निकासी पर वन विभाग की भूमिका सवालों में

मंज़ूर पठान | चंबा
समर न्यूज़



चंबा जिला के मसरूंड रेंज के छतरी ब्लॉक में अवैध कश्मल निकासी को लेकर हालात गंभीर बने हुए हैं। यहां ग्रामीण पिछले एक महीने से अधिक समय से सर्द रातों में जंगलों की पहरेदारी करने को मजबूर हैं। आरोप है कि सलोह बीट के कई इलाकों में निजी भूमि की आड़ में सरकारी भूमि से कश्मल निकाली जा रही है, जबकि वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। शून्य तापमान में रातें बिताकर ग्रामीण जंगलों की सुरक्षा कर रहे हैं और अब उन्होंने प्रदेश सरकार से जल्द हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी प्राकृतिक आपदा से बचा जा सके।

ग्रामीणों का कहना है कि बीते डेढ़ महीने से सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कश्मल निकाली जा रही है। इस पर रोक लगाने के लिए स्थानीय लोग खुद आगे आए हैं और सर्द मौसम के बावजूद रातभर पहरा दे रहे हैं। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद वन विभाग मौके पर नजर नहीं आता। स्थानीय युवाओं का कहना है कि अवैध तरीके से कश्मल निकासी लगातार जारी है। मजबूरी में उन्हें शून्य तापमान में रातभर जंगल की रखवाली करनी पड़ रही है। एक महीने से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन वन विभाग की कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिली। ऐसे में विभाग की कार्यप्रणाली और मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**वन विभाग का पक्ष** : वहीं इस मामले पर डीएफओ वन मंडल चंबा कृतज्ञ ठाकुर का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस बार वन विभाग सख्ती बरत रहा है। विभाग ने विशेष टीमें गठित की हैं और केवल निजी भूमि से ही कश्मल खरीदने की अनुमति है। उन्होंने बताया कि टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि रात और शाम के समय संदिग्ध वाहनों की जांच कर उन्हें जब्त किया जाए।

# जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी

### सुरक्षा एजेंसियां हुई सतर्क, सूचना के बाद कोर्ट परिसर के बाहर कर्मचारियों और लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़





हमीरपुर जिला न्यायालय को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी भरी ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी मिलने के तुरंत बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं और एहतियातन पूरे न्यायालय परिसर को खाली करवा दिया गया। न्यायालय में मौजूद अधिवक्ता, कर्मचारी और आम जनता को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। डॉग स्क्वाड द्वारा परिसर की तलाशी ली गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह एक गंभीर सुरक्षा मामला है और हर पहलू से इसकी जांच की जा रही है। धमकी भरे ईमेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन का पता लगाने के लिए साइबर सेल को लगाया गया है। जिला बार एसोसिएशन के सदस्य एस. ठाकुर ने बताया कि ईमेल मिलने के बाद न्यायालय परिसर को खाली करवाया गया और तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि वकीलों, कर्मचारियों और आम जनता की सुरक्षा प्राथमिकता है।

पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ठाकुर ने कहा कि मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पूरी जांच की जा रही है। कोर्ट परिसर को खाली करवाने के साथ-साथ यह पता लगाया जा रहा है कि धमकी ईमेल कहां से और किसके द्वारा भेजी गई। उन्होंने नागरिकों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।

सूचना मिलने के बाद कोर्ट परिसर के बाहर कर्मचारियों और लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई थी। सुरक्षा कर्मियों ने लोगों को नियंत्रित किया और परिसर की जांच-पड़ताल पूरी की। पुलिस की शुरुआती जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बनाए हुए हैं। जिला न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आने वाले दिनों में परिसर में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए जा सकते हैं।

# अंदरोली क्षेत्र बना हिमाचल का नया एडवेंचर टूरिज्म हॉटस्पॉट

### एडवेंचर टूरिज्म हब के लिए एशियन विकास बैंक के सहयोग से 10 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

राकेश | ऊना
समर न्यूज़

ऊना जिले की बंगाणा तहसील में गोविंद सागर झील से सटा अंदरोली क्षेत्र अब साहसिक पर्यटन और वाटर स्पोर्ट्स के नए केंद्र के रूप में तेजी से पहचान बना रहा है। जिला उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में गोविंद सागर झील को एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए सुनियोजित और ठोस कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि कुटलैहड़ टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी के माध्यम से मेफील्ड एडवेंचर्स कंपनी के साथ वाटर स्पोर्ट्स संचालन का अनुबंध किया गया है। कंपनी द्वारा पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए विभिन्न जल-क्रीड़ा सुविधाएं शुरू कर दी गई हैं, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को नई रफ्तार मिली है। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच रोमांचक अनुभव चारों ओर पहाड़ों से घिरी गोविंद सागर झील की मनमोहक वादियां और आधुनिक वाटर स्पोर्ट्स सुविधाएं अंदरोली को पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान दिला रही हैं। यहां बोटिंग, कयाकिंग, जेट स्की, एटीबी राइड, हॉट एयर बैलून, स्पीड बोट और ड्रैगन राइड जैसी गतिविधियां उपलब्ध कराई जा रही हैं, जो पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।उपायुक्त ने बताया कि आने वाले समय में बनाना-बम्पर राइड, वाटर जेटोवेटर, शिकारा, 100 से अधिक सीटों वाला क्रूज, जिप लाइन, पैरा मोटरिंग, फ्लोटिंग जेट्टी और पैराग्लाइडिंग जैसी सुविधाएं भी शुरू की जाएंगी। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

**उपायुक्त ने लिया स्वयं एडवेंचर का आनंद** : उपायुक्त जतिन लाल ने हाल ही में अपने परिवार के साथ अंदरोली पहुंचकर हॉट एयर बैलून सहित विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि यह स्थान अब परिवारों, बच्चों और पर्यटकों के लिए सुरक्षित और आकर्षक पर्यटन विकल्प बन चुका है।उन्होंने आमजन से अपील की कि वे परिवार सहित यहां आएं और सुरक्षित वातावरण में साहसिक गतिविधियों का आनंद लें। पहले लोगों को इन अनुभवों के लिए दूरस्थ पर्यटन स्थलों पर जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध है।

**पारदर्शी प्रक्रिया से हुआ संचालन अनुबंध** : वाटर स्पोर्ट्स संचालन के लिए पूरी तरह प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी निविदा प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें मेफील्ड एडवेंचर्स ने 80 लाख 500 रुपये की उच्चतम बोली लगाकर अनुबंध प्राप्त किया। अतिरिक्त उपायुक्त ऊना की अध्यक्षता में गठित समिति ने पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से संपन्न किया।

**एडीबी से 10 करोड़ रुपये के निवेश की योजना** : अंदरोली क्षेत्र को एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए एशियन विकास बैंक (एडीबी) के सहयोग से 10 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। इसके अलावा गोविंद सागर पर मंदली-लठियाणी पुल और सड़क परियोजना से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की प्राथमिकता पर्यटन के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। गोविंद सागर झील में वाटर स्पोर्ट्स की शुरुआत इसी दिशा में एक अहम कदम है, जिससे ऊना जिला पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप में उभरेगा।

# दुर्घटना में मौत पर 15 दिन में मिलेगी 4 लाख की एक्सग्रेशिया राशि



समर न्यूज़ | शिमला

जिला शिमला में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति के कार्यक्षेत्र का विस्तार कर इसे अब उपमंडल स्तर तक लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया।अब प्रत्येक उपमंडल में एसडीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति गठित की जाएगी, जिसमें संबंधित एक्सईएन, डीएसपी तथा अन्य हितधारक शामिल होंगे। इससे पहले यह समिति केवल जिला स्तर पर ही कार्यरत थी। उपमंडल स्तर पर समिति के गठन से यातायात नियमों के पालन, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और गोल्डन आवर के दौरान घायलों को समय पर सहायता सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में चार लाख रुपये की एक्सग्रेशिया राशि अनिवार्य रूप से 15 दिनों के भीतर जारी की जाए। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के एसडीएम की होगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को राहत राशि के लिए कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, यह सुनिश्चित किया जाए।

# धौलाधार में बारिश और बर्फबारी से बढ़ी ठंड

### धर्मशाला में मौसम का नया मिजाज, तापमान में गिरावट, किसानों और बागवानों को राहत

राहुल चावला | धर्मशाला
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला में मौसम ने एक बार फिर अचानक करवट बदल ली है। बीती रात से क्षेत्र में तेज़ तूफ़ान के साथ बारिश का सिलसिला लगातार जारी है, जिससे जनजीवन पर असर देखने को मिल रहा है। वहीं धौलाधार पर्वत श्रृंखला की ऊँची चोटियों पर हुई ताज़ा बर्फबारी के कारण पूरे इलाके में कड़ाके की ठंड बढ़ गई है।

धर्मशाला और इसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही आसमान में काले बादलों की घनी चादर छाई हुई है। धौलाधार की पहाड़िया बादलों और बर्फ से ढकी नजर आ रही हैं, जिससे मौसम का दृश्य बेहद मनमोहक हो गया है। लंबे समय से जारी शुष्क मौसम के बाद हुई इस बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी है।मौसम में आए इस बदलाव के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। ठंडी हवाओं और बारिश के कारण लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। वहीं पर्यटक स्थलों पर भी ठंड का असर साफ देखा जा रहा है। इस बारिश को किसानों और बागवानों के लिए भी लाभकारी माना जा रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश फसलों और बागवानी के लिए संजीवनी साबित होगी, खासकर सेब और अन्य नकदी फसलों के लिए यह मौसम अनुकूल है। साथ ही जलस्तर में सुधार की भी उम्मीद जताई जा रही है।

हालांकि तेज़ बारिश और तूफ़ान के कारण कुछ स्थानों पर यातायात प्रभावित होने की भी सूचना है। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में बारिश और ऊँचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जारी रहने की संभावना जताई है और लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। कुल मिलाकर, मौसम के इस बदले मिज़ाज ने जहां ठंड बढ़ा दी है, वहीं प्राकृतिक सौंदर्य में भी चार चांद लगा दिए हैं।

### डलहौजी में मौसम का बदला मिज़ाज

# बर्फबारी से सर्दियों ने फिर दी दस्तक

समर न्यूज़ | चंबा

डलहौज़ी में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लंबे समय से चले आ रहे सूखे दौर को खत्म कर दिया है। शुक्रवार सुबह से शुरू हुई बर्फबारी ने पूरे क्षेत्र को सर्दियों की खूबसूरती से सराबोर कर दिया। आसमान से गिरते बर्फ के घने फाहों ने पहाड़ियों, सड़कों, मकानों और देवदार के पेड़ों को सफेद चादर से ढक दिया है, जिससे डलहौज़ी का नज़ारा किसी मनमोहक पर्यटन स्थल जैसा हो गया है। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण तापमान में काफ़ी गिरावट दर्ज की गई है और ठंड ने फिर से अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। हालांकि बढ़ती ठंड के बावजूद पर्यटकों के चेहरे पर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लंबे इंतज़ार के बाद हुई बर्फबारी ने पर्यटकों की संख्या में इज़ाफा होने की उम्मीद जगा दी है, जिससे स्थानीय पर्यटन कारोबार को भी संजीवनी मिलने की संभावना है। होटल व्यवसायियों और टैक्सी संचालकों में भी अच्छी बुकिंग को लेकर सकारात्मक माहौल बना हुआ है।वहीं दूसरी ओर, बर्फबारी के चलते जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। सड़कों पर फिसलन बढ़ने से यातायात में दिक्कतें आ रही हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर लोगों और पर्यटकों से सावधानी बरतने की अपील की है। वाहनों को धीमी गति से चलाने, बर्फीले इलाकों में अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई।

**स्मार्ट मीटर** | उपभोक्ताओं को नहीं होगा नुकसान

# स्मार्ट मीटर से 125 यूनिट मुफ्त बिजली पर कोई असर नहीं

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड द्वारा पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम के तहत जिला मंडी के नगर निगम टाउन हॉल में स्मार्ट मीटर को लेकर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर निगम मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट, डिप्टी मेयर माधुरी कपूर सहित कई पार्षद, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडल, सेल्फ हेल्प ग्रुप और सिटीजन काउंसिल के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बिजली बोर्ड के मंडी परिचालन वृत्त के अधीक्षण अभियंता ई. अरुण शर्मा, अधिशासी अभियंता ई. राजेश, सहायक अभियंता ई. सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के प्रवक्ता अनुराग पाराशर ने स्पष्ट किया कि राज्य में लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली मीटर से 125 यूनिट तक मिलने वाली मुफ्त बिजली की सुविधा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और न ही बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर केवल बिजली की वास्तविक खपत मापने का एक आधुनिक उपकरण है, ठीक उसी तरह जैसे पारंपरिक मीटर होते हैं। इसका टैरिफ, सब्सिडी या बिलिंग नीतियों से कोई संबंध नहीं है। सोशल मीडिया पर स्मार्ट मीटर को लेकर फैल रही अफवाहें तथ्यहीन हैं और गलत जानकारी पर आधारित हैं।

- **स्मार्ट मीटर केवल खपत मापने का उपकरण, सब्सिडी और टैरिफ में नहीं होगा कोई बदलाव** : प्रवक्ता ने कहा कि पुराने मीटरों में कई बार औसत रीडिंग के आधार पर बिल जारी हो जाते थे, जबकि स्मार्ट मीटर में केवल वास्तविक उपयोग के अनुसार ही बिल बनेगा। यदि उपभोक्ता बिजली का उपयोग नहीं करता है तो उसे औसत बिल नहीं आएगा।

स्मार्ट मीटर का डेटा स्वतः केंद्रीय डेटा सेंटर तक पहुंचता है, जिससे बिलिंग अधिक पारदर्शी और सटीक होती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए मौजूदा मीटर के साथ स्मार्ट मीटर लगाने की अनुमति भी दी गई है, ताकि तुलना की जा सके। स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ता हर 15 मिनट में अपनी बिजली खपत की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने स्मार्ट मीटर से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञ अनुराग पाराशर ने विस्तार से उत्तर दिया।

# शक्ति और अनुशासन से ही खिलेगा ज्वाली में कमलः जयराम

### जहां ठहराव, वहां नए नेताओं को जोड़ो, अनुशासन तोड़ने वालों पर सख्ती, सुक्खू सरकार को बताया दिशाहीन

समर न्यूज़ | ज्वाली (कांगड़ा)



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने कांगड़ा प्रवास के तीसरे दिन ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के कोटला मंडल में आयोजित भाजपा संगठनात्मक परिचय बैठक और सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के भीतर नई ऊर्जा का संचार किया। भारी संख्या में उमड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया कि संगठन के प्रति कार्यकर्ताओं का यह समर्पण ही आगामी चुनावों में पार्टी की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कड़े शब्दों में अनुशासन और रणनीतिक बदलाव की आवश्यकता पर भी बल दिया। ठाकुर ने एक बेहद महत्वपूर्ण और साहसिक राजनीतिक मंत्र देते हुए कहा कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में पार्टी की दृष्टि से ठहराव आ गया है और जहां कड़ी मेहनत के बावजूद सफलता नहीं मिल पा रही, वहां अब दूसरे दलों के प्रभावी नेताओं को साथ जोड़ने का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना होगा। उन्होंने दो-टूक कहा कि कुछ नेताओं के अड़ियल रवैये के कारण नए जुड़ने वाले लोगों का विरोध नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि विचारधारा के साथ सबको जोड़कर ही भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है। ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि भाजपा एक अनुशासित संगठन है और यहाँ नारों की राजनीति से ऊपर अनुशासन सर्वोपरि है; जो अनुशासन की लक्ष्मण रेखा लांघेगा, उसे घर बैठाने में पार्टी संकोच नहीं करेगी। राज्य की वर्तमान सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस के तीन साल के कार्यकाल ने हिमाचल को विकास की दौड़ में पीछे धकेल दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर "बदले की भावना" से काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सुक्खू सरकार काम करने के लिए नहीं बल्कि बजट प्रावधान के साथ खोले गए संस्थानों को बंद करने के लिए इतिहास में याद रखी जाएगी। जयराम ठाकुर ने चुटकी लेते हुए कहा कि प्रदेश सरकार में परिपक्वता का अभाव है, जहां मंत्री मुख्यमंत्री से खफा हैं और मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं—पूरी सरकार एक-दूसरे को 'निपटाने' के चक्रव्यूह में फंसी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कांग्रेस की "झूठी गारंटियों" और जनविरोधी नीतियों के काले कारनामों को लेकर जनता के बीच जाएं और संगठित शक्ति से पार्टी को सशक्त बनाएं।

### तेज तूफान और बारिश ने मचाई तबाही: कही घर की छत गिरी तो कही अस्पताल में फॉल सीलिंग टूटी, कई घायल, सैकड़ों पेड़ गिरे और ट्रैफिक ठप

# 2026 की पहली बारिश का ट्रेलर, ट्राईसिटी बना जलभराव की फिल्म का पहला सीन








चंडीगढ़-मोहाली में आंधी-बारिश का कहर : अस्पताल में फॉल सीलिंग टूटी, मकान की छत गिरी, सैकड़ों जगह पेड़ उखड़े। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

शुक्रवार सुबह से चल रही तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने ट्राइसिटी—चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला—में भारी तबाही मचाई। कई इलाकों में मकानों की छतें गिर गईं, अस्पताल की इमारत को नुकसान पहुंचा, सड़कों पर पेड़ और बिजली के खंभे धराशायी हो गए और जगह-जगह जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि कहीं भी जनहानि नहीं हुई, हालांकि कई लोग घायल हुए हैं और दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

मनीमाजरा के गोविंदपुर इलाके में शुक्रवार सुबह अचानक तेज आंधी और बारिश के दौरान एक मकान की छत गिर गई। हादसे के वक्त घर के भीतर खेल रहे तीन बच्चे मलबे में दब गए। घायलों की पहचान 12 वर्षीय चन्नी, 14 वर्षीय गौरव और राहुल के रूप में हुई है। गौरव और चन्नी सगे भाई हैं, जबकि राहुल पड़ोसी बताया गया है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और तीनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक गौरव के हाथ में गंभीर चोट आई है, जबकि बाकी दो बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

उधर, सेक्टर-32 स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में बने नए ट्रॉमा सेंटर की फॉल सीलिंग अचानक गिर गई। यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब तेज बारिश और आंधी चल रही थी। सौभाग्य से उस समय नीचे कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सीलिंग के साथ लोहे के फ्रेम और शीटें भी नीचे आ गिरीं, जिससे मरीजों और तीमारदारों में दहशत फैल गई। कई लोग घबराकर बाहर निकल आए। अस्पताल प्रशासन ने क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी है, जबकि लोगों ने निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं।

तेज हवाओं के चलते चंडीगढ़ के कई सेक्टरों में पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं। सेक्टर-35 में स्कूटी सवार युवक पर अचानक पेड़ गिर गया, जिससे वह घायल हो गया और उसकी स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हेलमेट पहनने के कारण उसकी जान बच गई। इसी इलाके में एक बुजुर्ग महिला के घर के भीतर पेड़ गिर गया, हालांकि वह सुरक्षित रही। पार्षद प्रेम लता ने मौके पर पहुंचकर हॉर्टिकल्चर विभाग को सूचना दी, लेकिन देर शाम तक कई जगह पेड़ नहीं हटाए जा सके। मोहाली में भी तेज हवा ने व्यापक नुकसान किया। फेज-7 में पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से कई कारें चपेट में आ गईं और पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। फेज-1 थाने के पास गिरे पेड़ों के कारण फेज-5, फेज-7 और एयरपोर्ट रोड की ओर जाने वाले रास्तों पर ट्रैफिक ठप हो गया, जिससे लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। कई क्षेत्रों में शाम चार बजे तक भी बिजली बहाल नहीं हो पाई थी।

लगातार बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई। सेक्टर-26 सब्जी मंडी के पास, सेक्टर-17, 35 और 46 सहित दक्षिणी सेक्टरों में सड़कों पर पानी भर गया। ट्रिब्यून चौक और सेक्टर-20 मार्केट के आसपास भी वाहन रेंगते नजर आए। कुछ पार्क तालाब जैसे दिखाई देने लगे, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हुई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार भर तेज हवाएं चलने की संभावना है और हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। प्रशासन और नगर निगम की टीमें गिरे पेड़ों को हटाने, बिजली बहाल करने और जलभराव से निपटने में जुटी रहीं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान अनावश्यक बाहर न निकलें, पेड़ों और कमजोर संरचनाओं से दूर रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन या फायर ब्रिगेड को सूचित करें।


## मनीमाजरा मोटर मार्केट में देर रात भीषण आग

### ऑल्टो, आई-20, क्रिस्टा और नया ट्रक जलकर राख

**सारांश मेहरा | चंडीगढ़**
**समर न्यूज़**

चंडीगढ़ के मनीमाजरा स्थित मोटर मार्केट में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक कई खड़े वाहनों में भीषण आग लग गई। यह घटना बिजली विभाग के कार्यालय के पास बूथ नंबर 782 और 783 के सामने हुई, जहां कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास खड़े वाहन एक-एक कर धू-धू कर जलने लगे।

आग लगने की घटना रात करीब 12 बजे के बाद की बताई जा रही है। बूथ नंबर 777 पर काम करने वाले मैकेनिक रमेश राय ने बताया कि उनके पास हिमाचल प्रदेश से रिपेयर के लिए आई ऑल्टो-800 कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। इसके अलावा गुरविंदर सिंह की आई-20 कार और एक क्रिस्टा गाड़ी भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गई।

आग में जली गाडियां। - समर न्यूज़

इतना ही नहीं, अमर ट्रक बॉडी वर्क्स के पास नई बॉडी बनवाने के लिए खड़ा एक नया ट्रक भी आग से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक का डैशबोर्ड, टायर और अंदर रखा अन्य सामान पूरी तरह जलकर खराब हो गया, जिससे भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

घटना की जानकारी सबसे पहले मौके पर तैनात चौकीदारों ने दी, जिन्होंने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक कई वाहन पूरी तरह जल चुके थे।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद से मोटर मार्केट के दुकानदारों और वाहन मालिकों में दहशत का माहौल है।

## 10 लाख की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना का पंजीकरण शुरू

**समर न्यूज़ | खरड़**

पंजाब सरकार द्वारा हर परिवार को 10 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा देने वाली मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना की औपचारिक शुरुआत के अवसर पर खरड़ स्थित विधायक कार्यालय, सेक्टर-125 (सनी एन्क्लेव) में बड़े डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता, स्थानीय कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में खरड़ से विधायक अनमोल गगन मान विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों तक उन्हें पहुंचाने का भरोसा दिलाया। समारोह में नगर परिषद खरड़ की अध्यक्ष अंजू चंद्र, मार्केट कमेटी खरड़ के चेयरमैन सुखविंदर सिंह बिट्टू उपस्थित रहे।

## डेराबस्सी में अवैध शराब समेत दो गिरफ्तार

### नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश में एक्साइज गाड़ी को मारी टक्कर

**जसवीर सिंह | डेरा बस्सी**
**समर न्यूज़**

असिस्टेंट कमिश्नर (एक्साइज) अशोक चलोत्रा और EO मोहाली, एक्साइज डिपार्टमेंट और डेराबस्सी पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में शराब तस्करों के हौसले पस्त कर दिए हैं। गांव सैदपुरा के पास नाकाबंदी के दौरान तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए अपनी कार एक्साइज डिपार्टमेंट की गाड़ी में टक्कर मार दी, लेकिन तैयार टीम ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया।

इस मामले की जानकारी देते हुए एक्साइज इंस्पेक्टर कुलविंदर सिंह ने बताया कि उन्हें सीक्रेट इन्फॉर्मेशन मिली थी कि हल्लोमाजरा, चंडीगढ़ के दो लोग चंडीगढ़ से सस्ती शराब खरीदकर डेराबस्सी इलाके में ऊंचे दामों पर बेचने का धंधा करते हैं। यह भी इन्फॉर्मेशन थी कि आज भी वे अपनी सफेद I-20 कार में यह खेप ला रहे हैं।

इस इन्फॉर्मेशन पर एक्शन लेते हुए एक्साइज इंस्पेक्टर कुलविंदर सिंह और ASI परमजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ सैदपुरा बस स्टैंड पर चेकपॉइंट लगाया। जब डेराबस्सी की तरफ से ऊपर बताए गए नंबर की कार आती दिखी, तो पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया।



पुलिस को देखकर घबराए कार ड्राइवर ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की। इस कोशिश में उसने अपनी कार तेज़ रफ़्तार से एक्साइज़ टीम की बोलेरो गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे सरकारी गाड़ी डैमेज हो गई और कर्मचारियों की जान खतरे में पड़ गई। हालांकि, टीम ने तुरंत एक्शन लिया, गाड़ी को घेर लिया और दोनों सवारों को अरेस्ट कर लिया।

तलाशी लेने पर, आरोपियों की गाड़ी से 5 पेटी (कुल 60 बोतलें) चंडीगढ़ बिक्री शराब बरामद हुई। अरेस्ट किए गए आरोपियों की पहचान अनुज कुमार बेटे मेवा राम और संजय बेटे महेंद्र (दोनों हल्लोमाजरा, चंडीगढ़ के रहने वाले) के तौर पर हुई है। इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ पंजाब एक्साइज़ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## सज्जन कुमार को बरी करना सिखों के साथ अन्याय: राजिंदर टोहड़ा

**समर न्यूज़ | मोहाली**

दिल्ली की राजनीति में कभी प्रभावशाली माने जाने वाले पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा जनकपुरी और विकासपुरी हिंसा मामलों में बरी किए जाने पर सिख संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है। नेताओं का कहना है कि यह फैसला 41 वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे 1984 सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। अदालत ने साक्ष्यों की कमी के आधार पर सज्जन कुमार को इन मामलों में राहत दी है, लेकिन सिख समुदाय का कहना है कि यह निर्णय उन्हें गहरी पीड़ा देने वाला है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह कालेवाल ने कहा कि अदालत के इस फैसले से उन परिवारों को मानसिक आघात पहुंचा है, जो दशकों से इंसाफ की लड़ाई लड़



रहे हैं। उन्होंने 1984 की घटनाओं को इतिहास की सबसे क्रूर त्रासदियों में से एक बताते हुए कहा कि उस समय सिखों को संगठित तरीके से निशाना बनाया गया था। कालेवाल ने यह भी कहा कि सज्जन कुमार पहले से ही एक अन्य मामले में सजा काट रहे हैं और ऐसे में उन्हें इन मामलों में राहत मिलना बेहद निराशाजनक है। गुरुद्वारा श्री अंब साहिब के प्रबंधक राजिंदर सिंह टोहड़ा ने कहा कि सिख संस्थाएं और पीड़ित परिवार करीब चार दशक से न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब आया यह फैसला पूरी कौम के लिए पीड़ादायक है। उन्होंने भी इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि दोषियों को सजा से बचना नहीं चाहिए।

## प्रयोग फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### बठलाना स्कूल में विद्यार्थियों के लिए लगाया जाएगा वाटर प्योरीफायर

**समर न्यूज़ | मोहाली**

प्रयोग फाउंडेशन द्वारा सरकारी एलीमेंट्री स्कूल बठलाना में शुरू किए गए सेल्फी विद ट्री अभियान के तहत पौधों का पालन-पोषण तथा बेहतर रखरखाव करने वाले विद्यार्थियों को संस्था की तरफ से सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जहां स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम पेश किया वहीं प्रयोग फाउंडेशन के माध्यम से स्कूली बच्चों का सहयोग करने वाली समाज सेवी पूजा जयसवाल ने कहा कि अगस्त माह के दौरान यहां बच्चों से पौधारोपण करवाया गया था। जिसकी देखभाल का जिम्मा बच्चों को सौंपा गया था। स्कूली बच्चों ने पौधों की संभाल की है।

इस अवसर पर जिला यूथ क्लब तालमेल कमेटी के प्रधान हरदीप




सिंह बठलाना ने प्रयोग फाउंडेशन द्वारा स्कूली विद्यार्थियों के सहयोग हेतु समय-समय पर किए जा रहे कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

प्रयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि मिडल स्कूल के सभी विद्यार्थियों को आज जहां रजिस्टर व पैन आदि पाठय सामग्री वितरित की गई है वहीं स्कूल अध्यापिका प्रियंका मिढ्ढा की मांग पर विद्यार्थियों को साफ व शुद्ध पेयजल मुहैया करवाने हेतु वाटर पूजा जयसवाल के सहयोग से वाटर प्योरीफायर लगवाने का भी निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर ठेकेदार मोहन सिंह, सरपंच हरपाल सिंह, युवक सेवाएं क्लब के प्रधान सुखवीर सिंह, ज्ञानी निर्मल सिंह,सरबजीत सिंह, स्कूल अध्यापिका आभा, ममता, किरण, पूजा, हरप्रीत समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर चंडीगढ़ और मोहाली पुलिस सतर्क

**समर न्यूज़ | मोहाली**

गणतंत्र दिवस के मद्देनज़र किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। सुरक्षा प्रबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से चंडीगढ़ और मोहाली पुलिस ने बैठक आयोजित की। बैठक में सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाने, नाकाबंदी करने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस संबंध में डीएसपी सिटी-2 हरसिमरन सिंह बल्ल ने बताया कि चंडीगढ़ से सटे इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। चंडीगढ़ पुलिस के साथ तालमेल कर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि असामाजिक तत्वों और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## आत्मा योजना के तहत गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन



**समर न्यूज़ | खरड़**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिला मोहाली द्वारा आत्मा योजना के अंतर्गत गांव धड़ाक कलां में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. गुरमेल सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत तथा ब्लॉक खरड़ के कृषि अधिकारी डॉ. शुभकरण सिंह धालीवाल की अगुवाई में संपन्न हुआ। कैंप में जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. गुरमीत सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान कृषि विकास अधिकारी डॉ. मंदीप कौर ने किसानों को मिट्टी और पानी के नमूने लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी और मिट्टी परीक्षण के आधार पर खाद डालने की सलाह दी। वहीं, डॉ. गुरजीत सिंह ने विभाग की विभिन्न योजनाओं से किसानों को अवगत कराया, जबकि डॉ. जसप्रीत सिंह ने कीट प्रबंधन संबंधी उपयोगी जानकारी साझा की। अन्य सहयोगी विभागों से आए विशेषज्ञों ने भी अपनी-अपनी योजनाओं और गतिविधियों के बारे में बताया तथा किसानों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. गुरमीत सिंह ने पराली प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान शसनप्रीत सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया।

**रिपोर्ट कार्ड**

### रोज़ फेस्टिवल 2025 से 11.57 लाख की आमदन हुई

# मेयर बबला ने कार्यकाल की उपलब्धियां रखीं सामने

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा कमलम पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेयर हरप्रीत कौर बबला ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों, सुधारों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा पत्रकारों के समक्ष रखा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी, संजीव राणा और प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि रावत भी मौजूद रहे। मेयर बबला ने बताया कि 30 जनवरी 2025 को कार्यभार संभालते समय नगर निगम की वित्तीय स्थिति अत्यंत कमजोर थी और कर्मचारियों के वेतन भुगतान तक में दिक्कतें आ रही थीं। उन्होंने प्रशासन, नगर निगम अधिकारियों और भाजपा संगठन के साथ समन्वय कर इस




चुनौती को अवसर में बदला। पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए वित्त एवं अनुबंध समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। फरवरी 2025 में सड़क, जल आपूर्ति एवं सीवरेज तथा हाउस टैक्स समितियों का पुनर्गठन हुआ और पहली बार नौ उप-समितियां बनाई गईं, जिनमें स्वच्छता, प्रवर्तन, अग्नि एवं आपात सेवाएं, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, बिजली, गांव–कॉलोनी–झुग्गी विकास, डे-मार्केट, अपनी मंडी तथा कला–संस्कृति–खेल शामिल हैं।

राजस्व सृजन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि नगर निगम के इतिहास में पहली बार 53वां रोज़ फेस्टिवल 2025 शून्य व्यय पर आयोजित किया गया, जिससे 11.57 लाख की आय हुई। इसी तरह 38वां फ्लावर थीम शो भी बिना खर्च और शून्य अपशिष्ट के संपन्न हुआ। विज्ञापन नीति के तहत यूनिपोल, होर्डिंग्स, शौचालय ब्लॉकों और राउंडअबाउट्स से कुल मिलाकर करोड़ों रुपये की आय की उम्मीद जताई गई है।

व्यापारियों को राहत देते हुए 1,041 वार्डों को बकाया लाइसेंस फीस तीन किश्तों में जमा करने की अनुमति दी गई, जिससे अब तक 2.50 करोड़ प्राप्त हो चुके हैं और मार्च 2026 तक 6 करोड़ और आने की संभावना है। मेयर ने बताया कि वित्तीय मजबूती के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध पर गृह मंत्रालय ने 125 करोड़ की अनुदान राशि स्वीकृत की, जिससे शहर की बुनियादी सेवाओं और ढांचे को बल मिला। शहर में जंग लगी जल आपूर्ति और सीवरेज पाइपलाइनों को बदला जा रहा है तथा शेष कार्य 25 करोड़ की लागत से शीघ्र पूरा होगा। V-4, V-5 और V-6 सड़कों के प्रोजेक्ट का आधा काम पूरा हो चुका है, जबकि V-3 सड़कें चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा बनाई जा रही हैं, जिससे नगर निगम को बड़ी बचत होगी।

स्वच्छता के क्षेत्र में डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड से 95 प्रतिशत कचरा हटाया जा चुका है। जैविक कचरे के निस्तारण के लिए CBG संयंत्र का एमओयू और भूमि चिन्हांकन पूरा हो चुका है। छह वर्षों से लंबित घर-घर कचरा संग्रहण से जुड़े समझौतों को अंतिम रूप दिया गया और सफाई कर्मियों के लिए लंबित 3 करोड़ का भुगतान सुनिश्चित किया गया। नागरिक सुविधाओं के तहत मासिक पार्किंग पास योजना, ट्रीटेड वॉटर परियोजना, छह नए सामुदायिक केंद्र, स्वास्थ्य शिविर और नशा-मुक्त अभियानों का भी उल्लेख किया गया। मेयर ने विश्वास जताया कि पारदर्शी प्रशासन और जनता के सहयोग से चंडीगढ़ को स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर शहर बनाने की दिशा में प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

## सुधीर राणा डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के लिए सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त



**जसबीर सिंह | डेराबस्सी**
**समर न्यूज़**

डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने अपनी टीम के साथ आम आदमी पार्टी के एक्टिव लीडर सुधीर राणा को डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र का सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त होने पर दिल से बधाई दी।

इस मौके पर रंधावा ने कहा कि सुधीर राणा की नियुक्ति से पार्टी की नीतियां और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं सोशल मीडिया के जरिए विधानसभा क्षेत्र के लोगों तक अच्छे से पहुंचाई जा सकेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुधीर राणा अपनी ड्यूटी पूरी लगन और जिम्मेदारी से निभाएंगे।

सुधीर राणा ने इस भरोसे के लिए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा और पार्टी लीडरशिप का धन्यवाद किया और कहा कि वह दी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और वफादारी से निभाएंगे।

# डब्ल्यूपीएल : यूपी वॉरियर्स के खिलाफ 45 रन से जीत

## गुजरात जायंट्स ने प्वाइंट्स टेबल में लगाई लंबी छलांग



**एजेंसी | वडोदरा**

विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के 14वें मुकाबले में यूपी वॉरियर्स को 45 रन से मात देकर गुजरात जायंट्स ने प्वाइंट्स टेबल में लंबी छलांग लगाई है। यह टीम सबसे निचले पायदान से सीधे दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। 6 में से 3 मैच जीतने के बाद गुजरात जायंट्स के पास 6 अंक हैं, जबकि मुंबई इंडियंस, यूपी वॉरियर्स और दिल्ली कैपिटल्स के पास 4-4 अंक हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शुरुआती पांचों मुकाबले जीतकर अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। बीसीए स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी गुजरात जायंट्स की टीम ने 8 विकेट खोकर 153 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी ने डैनियल व्याट-हॉज के साथ 3 ओवरों में 23 रन की साझेदारी की। हॉज 14 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद बेथ मूनी ने छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए टीम को 93 के स्कोर तक पहुंचाया। मूनी ने 34 गेंदों में 5 चौकों के साथ 38 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद सोफी डिवाइन ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने 42 गेंदों में 3 छक्कों और 2 चौकों के साथ 50 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से क्रांति गौड़ और सोफी एक्लेस्टोन ने 2-2 विकेट हासिल किया, जबकि दीप्ति शर्मा और क्लो ट्रायोन ने 1-1 विकेट निकाला। इसके जवाब में यूपी वॉरियर्स 17.3 ओवरों में 108 रन पर सिमट गई। इस टीम को 2 रन पर किरण (0) के रूप में पहला झटका लगा, जिसके बाद कप्तान मेग लैनिंग (14) ने फोएबे लिचफील्ड के साथ 37 रन की साझेदारी की, लेकिन इस जोड़ी के टूटते ही टीम निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाती रही।

# हेल्दी खाना खाकर भी बढ़ रहा वजन तो जरा इन आदतों पर भी कर लें गौर

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

आज के दौर में युवाएं अब फिटनेस की तरफ बढ़ रहे हैं। सोशल मीडिया से लेकर घरों की रसोई तक, हर जगह अब हेल्दी लाइफस्टाइल की चर्चा होने लगी है।

इसके बावजूद एक चौंकाने वाली बात यह है कि हेल्दी डायट लेने के बाद भी उनका वजन घटने के बजाय धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। ऐसे में लोगों के मन में कई सवाल उठने लगते हैं। सच यह है कि बढ़ते वजन का कारण सिर्फ आपकी थाली नहीं, बल्कि आपके शरीर का पूरा सिस्टम है। आयुर्वेद कहता है कि शरीर भोजन से नहीं, बल्कि अग्नि यानी पाचन शक्ति से चलता है। वहीं विज्ञान इसे मेटाबॉलिज्म कहता है। अगर यह सिस्टम गड़बड़ हो जाए, तो सबसे शुद्ध और पौष्टिक खाना भी शरीर में जाकर चर्बी का रूप ले सकता है। यही वजह है कि हेल्दी खाना और वजन घटना हमेशा एक साथ नहीं चलते।



सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि हेल्दी चीजें जितनी चाहें उतनी खाई जा सकती हैं। आयुर्वेद में कुछ खाद्य पदार्थों को भारी माना गया है। ड्राई फ्रूट्स, घी, शहद, मूंगफली का मक्खन या एवोकाडो बेहद पौष्टिक होते हैं, लेकिन शरीर को इन्हें पचाने में ज्यादा समय लगता है। विज्ञान भी मानता है कि इनमें कैलोरी बहुत ज्यादा होती है। अगर शरीर रोज जितनी ऊर्जा खर्च कर रहा है, उससे ज्यादा ऊर्जा हासिल कर ली जाए, तो वजन बढ़ना स्वाभाविक है।

आज के समय में बाजार में मिलने वाले कई हेल्दी प्रोडक्ट भी वजन बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। आयुर्वेद में अत्यधिक मीठे स्वाद को कफ बढ़ाने वाला बताया गया है। विज्ञान कहता है कि ज्यादा शुगर इंसुलिन को बढ़ाती है, जिससे शरीर फैट स्टोर करने लगता है। लो-फैट दही, मल्टीग्रेन बिस्कुट या एनर्जी बार देखने में हेल्दी लगते हैं, लेकिन इनके अंदर छिपी चीनी शरीर के संतुलन को बिगाड़ देती है।

कई बार वजन बढ़ने की वजह खाना नहीं, बल्कि हार्मोन होते हैं। आयुर्वेद में इसे दोषों का असंतुलन कहा गया है, खासकर कफ दोष का बढ़ना। थायरॉइड, पीसीओएस या लंबे समय तक तनाव में रहने से शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा पड़ जाता है। ऐसे में व्यक्ति कम खाकर भी वजन बढ़ता हुआ महसूस करता है, क्योंकि शरीर ऊर्जा जलाने के बजाय जमा करने लगता है।

नींद और मानसिक स्थिति भी वजन पर गहरा असर डालती है। आयुर्वेद में कहा गया है कि अधूरी नींद पाचन शक्ति को कमजोर कर देती है। विज्ञान बताता है कि कम सोने से भूख बढ़ाने वाला हार्मोन 'घ्रेलिन' बढ़ता है और पेट भरने का संकेत देने वाला लेप्टिन घट जाता है। इसका असर यह होता है कि व्यक्ति बिना भूख के भी खाने लगता है।

उम्र बढ़ने या शारीरिक गतिविधि कम होने से मेटाबॉलिज्म भी सुस्त हो जाता है। विज्ञान कहता है कि मांसपेशियां कम होने से कैलोरी बर्न कम होता है।

सिर्फ डाइट से वजन नहीं घटता, शरीर को सक्रिय रखना भी उतना ही जरूरी है।

# कोई साधारण फल नहीं है ये सिंघाड़ा

## बीपी और थायरॉइड की समस्या से निजात दिलाने में कारगर

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

सर्दियों में सिंघाड़ा के सेवन का खासा महत्व है। लोग इसे कच्चा खाते हैं, उबालकर नमक-मिर्च के साथ चटखारे लेते हैं, भूनकर या फिर सिंघाड़े के आटे से हलवा, पूरी और पकौड़े बनाते हैं।

स्वाद के साथ-साथ यह फल औषधीय गुणों से भी भरपूर है। सिंघाड़े में आयोडीन, पोटेशियम, मैंगनीज, फाइबर और विटामिन जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो थायरॉइड को सपोर्ट करते हैं, पानी की अधिकता कम करते हैं, ब्लड प्रेशर संतुलित रखते हैं और पेट को आराम देते हैं। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट पूजा मखीजा ने सिंघाड़े (वाटर चेस्टनट) के एक खास और दिलचस्प स्वास्थ्य लाभ पर प्रकाश डाला है। उन्होंने बताया कि सिंघाड़ा देखने में छोटी थायरॉइड ग्लैंड जैसा दिखता है और मजेदार बात यह है कि इसके पोषक तत्व भी थायरॉइड के कार्य को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं।



सिंघाड़े में आयोडीन, पोटेशियम और मैंगनीज जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। आयोडीन थायरॉइड हार्मोन बनाने के लिए जरूरी होता है, जबकि मैंगनीज और पोटेशियम टी4 हार्मोन को सक्रिय टी3 हार्मोन में बदलने की प्रक्रिया में मदद करते हैं। यह परिवर्तन थायरॉइड फंक्शन को सुचारू रूप से चलाने के लिए बेहद आवश्यक है। कई लोगों को थायरॉइड संबंधी समस्याएं होने पर यह जानकारी उपयोगी साबित हो सकती है, क्योंकि सिंघाड़ा एक प्राकृतिक और आसानी से उपलब्ध फल है।


इसके अलावा, सिंघाड़ा शरीर में अतिरिक्त पानी जमा होने को कम करने में भी कारगर होता है। यह खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो थायरॉइड की वजह से सूजन या भारीपन महसूस करते हैं। पोटेशियम की अच्छी मात्रा ब्लड प्रेशर को संतुलित रखने में सहायता करती है, जिससे हृदय स्वास्थ्य को भी फायदा पहुंचता है।

सिंघाड़ा पेट के लिए भी आरामदायक होता है। यह हल्का होने के कारण पाचन तंत्र को सुधारता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। सिंघाड़ा सर्दियों में आसानी से मिलने वाला एक साधारण फल है, लेकिन इसके स्वास्थ्य लाभ काफी हैं। इसे कच्चा खाया जा सकता है, उबालकर, भूनकर या सिंघाड़े के आटे से बने व्यंजनों में इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, किसी भी स्वास्थ्य समस्या के मामले में डॉक्टर से सलाह लेना उचित रहता है।

# बीबीएल : डेविड वार्नर ने सिडनी थंडर के साथ एक साल का करार बढ़ाया

**एजेंसी | सिडनी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर लीग क्रिकेट में फिलहाल अपना जलवा बरकरार रखना चाहते हैं। मौजूदा बीबीएल में सिडनी थंडर के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले वॉर्नर ने अगले सीजन के लिए भी टीम के साथ करार कर लिया है। सिडनी थंडर ने इसकी जानकारी शुक्रवार को दी। सिडनी थंडर के साथ एक साल का करार बढ़ने पर 39 साल के वार्नर ने कहा, "मैं थंडर के साथ एक और सीजन खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक मुश्किल साल था। हम इस सीजन में मैदान पर उतरी टीम से कहीं बेहतर टीम हैं और लगातार अच्छा खेल नहीं दिखा पाए। हमारे फैंस का समर्थन, हर गेम में बड़ी संख्या में आना, इसने मेरे रुकने के फैसले में बहुत बड़ी भूमिका निभाई।" वार्नर ने कहा, "मुझे लगता है कि मेरे पास इस टीम और इस गेम को देने के लिए बहुत कुछ है। मैं अपने परफॉर्मेंस से काफी सहज महसूस कर रहा था और टीम को लड़ने का मौका देने पर गर्व महसूस कर रहा था। हमने पहले ही सीजन का रिव्यू करना शुरू कर दिया है और बीबीएल 16 में एक और मजबूत कैंपेन देने के लिए सही प्लान बना रहे हैं।"



थंडर के जनरल मैनेजर ट्रेंट कोपलैंड ने कहा कि वार्नर के साथ एक साल का साथ बढ़ाना कोई बड़ी बात नहीं थी। हम बहुत खुश हैं कि डेवी एक और सीजन के लिए टीम में बने हुए हैं। उनका साल शानदार रहा है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : कार्लोस अल्काराज ने कोरेंटिन मौटेट को हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई

**एजेंसी | मेलबर्न**

दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के चौथे राउंड में जगह बना ली है। अपने 100वें ग्रैंड स्लैम मुकाबले में अल्काराज ने फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को सीधे सेटों में 6-2, 6-4, 6-1 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त के बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम गंवा दिए, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 4-4 पर अहम ब्रेक हासिल किया और दो सेट की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में उन्होंने पूरी तरह दबदबा बनाते हुए डबल ब्रेक लिया और दो घंटे पांच मिनट में मैच समाप्त कर दिया। मैच के बाद अल्काराज ने कहा, "कोरेंटिन जैसे खिलाड़ी के खिलाफ खेलना आसान नहीं होता। आपको कभी नहीं पता कि अगला पॉइंट कैसा होगा। मैच को पढ़ना मुश्किल था, लेकिन मुझे कोर्ट पर बहुत मजा आया। हम दोनों ने शानदार शॉट्स खेले और कुछ बेहतरीन पॉइंट्स बने।"



अल्काराज अब 19वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे। अब तक टूर्नामेंट में एक भी सेट न गंवाने वाले अल्काराज अगर अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीत लेते हैं, तो वह सबसे कम उम्र में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

22 साल के अल्काराज का इस जीत के साथ ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 87-13 हो गया है। उन्होंने 100 मैचों में सर्वश्रेष्ठ मेजर रिकॉर्ड के मामले में दिग्गज ब्योर्न बोर्ग की बराबरी कर ली। स्पेन के इस खिलाड़ी ने इससे पहले मेलबर्न में दो बार क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया है। इस बार वे खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं।

छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने इस मामले में कई महान खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। राफेल नडाल और जॉन मैकेनरो ने अपने पहले 100 मेजर मैचों में 86-14 का रिकॉर्ड बनाया था, जबकि नोवाक जोकोविच 79-21 और रोजर फेडरर 80-20 के आंकड़े तक पहुंचे थे। अल्काराज के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी जैनिक सिनर ने पिछले साल विंबलडन में अपना 100वां मेजर मैच खेला था, जहां उनका रिकॉर्ड 81-19 रहा।

# रोज 15-20 करें योग की वायु मुद्रा

## पेट में गैस और जोड़ों के दर्द से मिलेगी निजात

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

आज मोबाइल और लैपटॉप पर ज्यादा समय बिताने, गलत खानपान और भागदौड़ भरी दिनचर्या ने हमारे शरीर को अंदर से थका दिया है। इस दौरान लोग अक्सर पेट की समस्या, गैस, कब्ज, बेचैनी, घबराहट, जोड़ों के दर्द या नींद न आने जैसी परेशानियों को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि ये संकेत होते हैं कि शरीर का संतुलन बिगड़ रहा है। आयुर्वेद के मुताबिक जब शरीर के भीतर ऊर्जा का प्रवाह रुकता है, तभी बीमारी जन्म लेती है। इसी ऊर्जा को संतुलित करने का एक सरल तरीका हस्त मुद्राएं हैं। उंगलियों के जरिए हम सीधे मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र से जुड़ते हैं। उंगलियों की एक खास मुद्रा से शरीर पर गहरा असर पड़ता है। आयुर्वेद के अनुसार हमारा शरीर पंचभूतों आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी से बना है। जब इनमें से कोई तत्व असंतुलित होता है, तो उसका असर सीधे स्वास्थ्य पर पड़ता है।



इनमें वायु तत्व सबसे ज्यादा अस्थिर माना गया है। यही वायु अगर शरीर में बिगड़ जाए, तो गैस, अपच, कब्ज, बेचैनी, जोड़ों का दर्द, दिल की धड़कन बढ़ना और घबराहट जैसी समस्याएं सामने आने लगती हैं।

इसी वायु तत्व को शांत और संतुलित करने के लिए योग में एक विशेष मुद्रा बताई गई है, जिसे वायु मुद्रा कहा जाता है। यह मुद्रा दिखने में बेहद सरल है, लेकिन इसका असर शरीर के भीतर गहराई तक जाता है। आयुर्वेद मानता है कि अंगूठा अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करता है और तर्जनी उंगली वायु तत्व का। जब हम तर्जनी उंगली को मोड़कर अंगूठे के नीचे दबाते हैं, तो अग्नि तत्व वायु पर नियंत्रण करता है।

वायु मुद्रा करने का तरीका बहुत आसान है। किसी शांत जगह पर बैठ जाएं। रीढ़ सीधी रखें और आंखें बंद कर लें। अब तर्जनी उंगली को मोड़कर अंगूठे के मूल में दबाएं और बाकी तीन उंगलियां सीधी रखें। सांस सामान्य रखें। इस मुद्रा में बैठते ही शरीर धीरे-धीरे रिलैक्स होने लगता है। रोज कम से कम 15 से 20 मिनट तक इसका अभ्यास करने से बेहतर परिणाम मिलते हैं।

सुबह खाली पेट शांत मन से किया गया अभ्यास ज्यादा प्रभावी माना जाता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर इसे कुर्सी पर बैठकर या चलते-फिरते भी किया जा सकता है। क्योंकि ये बहुत आरामदायक है।

वायु मुद्रा का असर शरीर के तंत्रिका तंत्र पर सबसे पहले दिखाई देता है। यह मुद्रा नर्व्स की काम करती है, जिससे बेचैनी, घबराहट और तनाव धीरे-धीरे घटने लगते हैं। जब दिमाग शांत होता है, तो शरीर के अंग भी बेहतर ढंग से काम करने लगते हैं। पाचन तंत्र पर इसका सीधा असर पड़ता है।

गैस, सूजन और अपच जैसी समस्याएं इसलिए होती हैं क्योंकि आंतों में वायु फंस जाती है। वायु मुद्रा इस फंसी हुई ऊर्जा को निकलने में मदद करती है, जिससे पेट हल्का महसूस होता है।

इस मुद्रा से रक्त संचार भी बेहतर होता है। जब ब्लड फ्लो सुधरता है तो जोड़ों और मांसपेशियों तक पोषण पहुंचता है। यही वजह है कि जोड़ों के दर्द, साइटिका और मांसपेशियों की जकड़न में भी यह मुद्रा सहायक मानी जाती है।

## ये है लुधियाना मेरी जान... बारिश के बाद नगर निगम के काम की पोल खोलती हैं ये तस्वीरें

# देखिए, प्रशासन आपका टैक्स कहां उड़ाता है, जाम नहीं तो गड्ढे में फंसेगी जान






सीजन की पहली बारिश से गुरुदेव नगर में धंस गई सड़क, खोल दी भ्रष्टाचार की तस्वीर। ताजपुर और डेयरी कांप्लेक्स की सड़कों पर बारिश का गंदा पानी बता रहा जिंदगी कितनी बदहाल है। बाडेवाल रोड में रोड के गड्ढों में धंस गए वाहन। सवाल ये है कि प्रशासन आपका टैक्स कहां खर्च करता है? -फोटोजर्नलिस्टः लक्की भट्टी/समर न्यूज

# अवैध शराब व लाहन, मारपीट और धोखाधड़ी मामलों में कई गिरफ्तार

## लुधियाना शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज

शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब व लाहन, अमानत में खयानत, मारपीट, महिला से बदसलूकी और लूट की योजना से जुड़े मामलों में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अलग-अलग स्थानों पर हुई इन घटनाओं से शहर में अपराध की तस्वीर एक बार फिर सामने आई है।

▪ **सलेम टाबरी पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपी पकड़ा-**
थाना सलेम टाबरी पुलिस ने जालंधर बाईपास स्थित दाना मंडी शेड के नीचे शक के आधार पर एक व्यक्ति को रोका। तलाशी के दौरान आरोपी से 24 बोतल कंट्री गोल्ड व्हिस्की और 24 बोतल व्हिस्की बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजेश कुमार पुत्र करतार, निवासी नगर लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

▪ **होजरी कारोबारी से अमानत में खयानत** - थाना सलेम टाबरी के अधीन भोरा कॉलोनी आकाश नगर निवासी होजरी कारोबारी विशाल कुमार (ऋषि नगर) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2017 में शुरू की गई होजरी फैक्ट्री में रविंद्र कुमार को काम पर रखा गया था। आरोप है कि रविंद्र कुमार ने अपने साथी कुलजीत सिंह के साथ मिलकर कंपनी का नकली लेटरहेड तैयार कर पिता के जाली हस्ताक्षर किए, जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

▪ **कार सवार दंपति से मारपीट, बदसलूकी और लूट की कोशिश-**
थाना लडोवाल क्षेत्र के बाड़ेवाल डोगरा गांव के पास व्यास पार्क कॉलोनी के बाहर अज्ञात लोगों ने क्रेटा कार सवार दंपति को रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, लूटपाट की कोशिश की और महिला के साथ बदसलूकी की। थाना प्रभारी गुरशिंदर कौर ने बताया कि इसी क्षेत्र में अभिनव अटवाल निवासी छावनी मोहल्ला ने भी शिकायत दी थी कि फैक्ट्री से घर जाते समय 5-6 अज्ञात लोगों ने उसकी गाड़ी रोककर डंडों व लोहे की रॉड से मारपीट की और वीडियो बनाई। शोर मचाने पर लोगों की मदद से एक आरोपी रश पाल सिंह को काबू कर लिया गया, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं।

▪ **अवैध लाहन के साथ चार आरोपी गिरफ्तार-**
थाना लाडोवाल पुलिस ने टी-प्वाइंट फतेहपुर के पास शक के आधार पर चार लोगों को रोका। तलाशी के दौरान 20 लीटर लाहन और 7 गिलास बरामद किए गए। चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान नसीम (चांदनी चौक), मुन्ना पासवान (पीरु बांदा), सुनील कुमार (नानक नगर) और ओंकार सिंह (चिट्ठी कॉलोनी) के रूप में हुई है।

### लूट की योजना बनाते पांच आरोपी दबोचे

*थाना लाडोवाल के जांच अधिकारी गुरशरण सिंह ने बताया कि हम्ब्रां चौक के पास नाकाबंदी के दौरान सूचना मिली कि पास के एक खाली प्लॉट में कुछ लोग लूट की योजना बना रहे हैं। मौके पर दबिश देकर पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से एक लोहे का संबल, लकड़ी का डंडा और दो लोहे के खंडे बरामद हुए। आरोपियों की पहचान वीर बहादुर, भीम पासवान, वरिंदर सिंह, जितेंद्र सिंह और मलकीत सिंह के रूप में हुई है। सभी से पूछताछ जारी है।*



लुधियाना के शेरपुर चौक पर शुक्रवार को बसंत पंचमी के दिन भी मूर्तिकार सरस्वती देवी की मूर्तियां तैयार कर रहे थे। जो माघ शुक्ल पंचमी को विद्या की देवी सरस्वती के प्रतीक के रूप में पूजी जाती हैं। इस दिन विद्यार्थी अपनी आराध्य देवी की पूजा करते हैं। -फोटो लक्की भट्टी

## एक आस ट्रस्ट ने कन्याओं के सामूहिक विवाह करवाए



लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

एक आस ट्रस्ट द्वारा गुरुद्वारा साध संगत हैबोवाल में जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 51 कन्याओं का विवाह कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम ट्रस्ट के जस मांगट की अध्यक्षता में हुआ, जबकि सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर के चेयरमैन ऋषि जैन ने विशेष सहयोग दिया। ऋषि जैन ने बताया कि अमेरिका से लौटे उनके मित्र जस मांगट के सुझाव पर इस पुण्य कार्य की शुरुआत की गई। विवाह समारोह में कन्याओं को जरूरी घरेलू सामान भेंट किया गया और मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। समारोह में शिवसेना सिख विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरकीरत सिंह खुराना, विधायक अशोक पराशर पप्पी, गौरव बग्गा, एसीपी राज कुमार और डीएसपी रंजीत सिंह ने पहुंचकर कन्याओं को आशीर्वाद दिया। आयोजकों ने कहा कि जरूरतमंद कन्याओं का विवाह कराना मानव धर्म का बड़ा पुण्य है, जिससे बेटियों को सम्मान और नया जीवन मिलता है।

## नगर निगम के 'लाड़ले' एटीपी के संरक्षण में पल रहा अवैध निर्माण का सिंडिकेट



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

लुधियाना में अवैध निर्माण अब चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम हो रहा है। नगर निगम के ज़ोन ए और ज़ोन बी में अवैध कॉलोनियों और अवैध इमारतों की बाढ़ आई हुई है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है। सूत्रों का आरोप है कि इस पूरे खेल के पीछे नगर निगम के कुछ 'लाड़ले' असिस्टेंट टाउन प्लानर (एटीपी) हैं, जिनकी शह पर बिल्डर और कॉलोनाइज़र बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

ज़ोन ए के अंतर्गत आने वाले पीरू बंदा मोहल्ले में अवैध कॉलोनी काटे जाने का मामला इसकी बानगी भर है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जब इसकी शिकायत नगर निगम कमिश्नर तक पहुंची, तो निगम की ओर से त्वरित कार्रवाई का दिखावा किया गया। एक दिन के लिए जेसीबी भेजी गई, कॉलोनी के बाहर नोटिस चिपकाया गया और मीडिया के सामने कार्रवाई का नाटक किया गया। फोटोशूट हुआ, खबरें छपीं, लेकिन अगले ही दिन अवैध निर्माण का काम फिर से शुरू हो गया।

सूत्रों का कहना है कि राजनीतिक रसूख रखने वाले कॉलोनाइज़र के सामने निगम के अधिकारी बेबस नजर आए। इससे यह सवाल उठता है कि क्या नगर निगम की कार्रवाई सिर्फ कागजों और कैमरों तक सीमित रह गई है?

गांधी नगर इलाके में टी.पी. मोहल्ले की स्कीम का हवाला देकर 3 से 4 मंजिला कमर्शियल बिल्डिंगें खड़ी की जा रही हैं। इसी तरह वार्ड नंबर 2 के सन्यास नगर, गोविंदपुरा, नेहरू विहार, जालंधर बाइपास, कैलाश चौक, नूरवाला रोड और राहों रोड में अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं और नियमों को ताक पर रखकर दुकानों व कमर्शियल इमारतों का निर्माण हो रहा है।

सूत्र बताते हैं कि इस पूरे खेल में नक्शों, फीस और चालानों में भारी हेरफेर किया जा रहा है। कागजों में एक या दो मंजिल की मंजूरी दिखाई जाती है, जबकि मौके पर तीन से चार मंजिल तक निर्माण कर लिया जाता है। इससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है और शहर की टाउन प्लानिंग पूरी तरह चरमरा गई है। ज़ोन बी में जोधेवाल बस्ती और सुंदर नगर जैसे इलाकों में रिहायशी क्षेत्रों में फैक्ट्रियां और दुकानें बनाई जा रही हैं। नियमों के अनुसार इन इलाकों में इस तरह का निर्माण प्रतिबंधित है, लेकिन नगर निगम की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े करती है।

सूत्रों का यह भी आरोप है कि कुछ टाउन प्लानर खुद अवैध निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं और बिल्डरों के लिए सलाहकार की भूमिका निभा रहे हैं। यही वजह है कि अवैध निर्माण करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

**एडिशनल कमिश्नर ने कहा-**
इस संबंध में जब नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने यह कहकर फोन काट दिया कि वह मीटिंग में बैठे हैं। इसके बाद उनसे दोबारा संपर्क नहीं हो सका।

**राहत** | 42 करोड़ की लागत से ट्रैफिक जाम और हादसों से मिलेगी राहत

# कैलाश नगर और जस्सियां में अंडरपास निर्माण तेज

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज



कैलाश नगर



थाने के बाहर से उठा रहे सड़क के ऊपर वाहन।

लुधियाना के ट्रैफिक दबाव वाले इलाकों में शामिल कैलाश नगर और जस्सियां चौक पर अंडरपास निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। करीब 42 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इन अंडरपासों के पूरा होने के बाद न सिर्फ रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी, बल्कि सड़क हादसों की आशंका भी काफी हद तक कम हो जाएगी। यह परियोजना शहर के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों को बेहतर कनेक्टिविटी देने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए हल्का उत्तरी से विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा और हल्का पूर्वी से विधायक दलजीत सिंह भोला ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मंजूरी लेकर इस काम को शुरू करवाया। दोनों विधायकों के प्रयासों से यह परियोजना जमीन पर उतरी, जिससे इलाके के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

▪ **कई इलाकों को जोड़ेगा अंडरपास, हादसों पर लगेगा ब्रेक**
कैलाश नगर और जस्सियां चौक ऐसे पॉइंट हैं, जहां रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। अंडरपास बनने के बाद दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक कम हो जाएगी।

इस परियोजना के तहत अंडरपास के साथ-साथ हाईवे की सर्विस लेन को भी चौड़ा किया जा रहा है। इससे आसपास के रिहायशी और व्यावसायिक इलाकों से मुख्य सड़क से जुड़ना और आसान हो जाएगा।

स्थानीय दुकानदारों और निवासियों के लिए कैलाश नगर–जस्सियां चौक पर बन रहा अंडरपास बड़ी राहत साबित होने वाला है। दुकानदार अंगद राय, मोहित कालड़ा और दीपक कुमार के अनुसार अभी एक सड़क से दूसरी सड़क तक पहुंचने में 30–40 मिनट लग जाते हैं, जबकि अंडरपास बनने के बाद यही दूरी केवल 10 मिनट में तय हो सकेगी। इससे व्यापार को गति मिलेगी और ग्राहकों को सुविधा होगी। वहीं कैलाश नगर और जस्सियां चौक पर लगने वाले लंबे जाम से भी छुटकारा मिलेगा, उम्मीद जताई जा रही है कि परियोजना समय पर पूरी होगी।

### विधायक बोले



**पूर्वी हलके के विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला** ने अंडरपास निर्माण को इलाके के लिए ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि कैलाश नगर में बन रहे इस अंडरपास से सैकड़ों मोहल्ले आपस में कनेक्ट होंगे। खास तौर पर बस्ती जोधेवाल इलाके में जो भारी ट्रैफिक की समस्या रहती है, उसमें बड़ी राहत मिलेगी। अंडरपास बनने के बाद यहां ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। विधायक भोला ने अपने पुराने प्रयासों को याद करते हुए कहा कि जब वह पार्षद थे, तब उन्होंने ताजपुर रोड से टिब्बा रोड फ्लाईओवर करीब 80 करोड़ रुपये की लागत से फ्लाईओवर तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि पहले बस्ती जोधेवाल से समराला चौक पहुंचने में लोगों को 3 से 4 घंटे तक का समय लग जाता था, लेकिन फ्लाईओवर बनने के बाद अब यही सफर कुछ ही मिनटों में पूरा हो जाता है।



***विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा** ने कहा कि इस अंडरपास के निर्माण से जस्सियां, हेबोवाल समेत सैकड़ों इलाकों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। अब जालंधर से हेबोवाल जाने वाले लोगों को मल्होत्रा रोड पर गलत साइड से आने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि वे सीधे अंडरपास के माध्यम से आ-जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 45×45 फुट के स्पैन तैयार किए जाएंगे, जिससे ट्रैफिक का दबाव भी काफी हद तक कम होगा। मोहल्लेवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी के साथ बैठक कर आवश्यक अप्रूवल लिया गया है और इसके बाद अंडरपास बनाने का फैसला किया गया।*

## 'स्वरांजली' के मंच से झलकी भारत की सांस्कृतिक एकता

समर न्यूज | लुधियाना




क्ले वर्ल्ड स्कूल ने अपना वार्षिकोत्सव "स्वरांजली – ए सिम्फ़नी ऑफ भाव, राग एंड ताल" बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सीईओ शोभन सोई तथा उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने मनमोहक कृष्ण वंदना प्रस्तुत की।

इस अवसर पर आईएएस अधिकारी चंद्रशेखर तलवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सीईओ शोभन सोई ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि अकादमिक हेड कविता डावर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद अध्यापिकाओं ने स्कूल के मिशन, विज़न और मूल्यों को दर्शाती प्रभावशाली माइम प्रस्तुति दी। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत, भाषा, संगीत, नृत्य, खान-पान और पहनावे की विविधता में एकता को खूबसूरती से दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार वितरण समारोह में शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए नैतिक शिक्षा और चरित्र निर्माण पर जोर दिया। अंत में अभिभावकों के नृत्य और राष्ट्रगान के साथ समारोह का भव्य समापन हुआ।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 140